सच्ची बात, पाठकों के साथ | नागपुर, शुक्रवार 13 जून 2025 | @ www.rashtrabaan.in | पृष्ठ :8 | वर्ष :2 | अंक : 222 | मूल्य:₹ 5

# राष्ट्रबाण

।। धर्मो रक्षति रक्षितः ।।

मध्य भारत का लोकप्रिय दैनिक

# एयर इंडिया का बना आग का गोला उठा धुआं- धुआं

# विमान क्रैश



## चंद मिनटों की उड़ान और 265 लोगों की मौत

229 यात्री और 12 क्रू मेंबर्स व 24 अन्य

अहमदाबाद विमान हादसा

अहमदाबाद लंदन फ्लाइट

**अहमदाबाद.** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान AI-171 गुरुवार को टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गया. इस फ्लाइट में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर्स समेत कुल 242 लोग सवार थे. इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी सवार थे. हादसे में कुल 265 लोगों की मौत होने की पुष्टी हुई है जिसमें 24 अन्य रहवासी लोग है. दोपहर 1:39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी, लेकिन समुद्र तल से 625 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद ही उसमें तकनीकी गड़बड़ी आ गई और उसका एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया. उड़ान भरने के चंद मिनटों बाद ही विमान क्रैश हो गया और मेघानी नगर में पहले बीजे मेडिकल कॉलेज की मेस बिल्डिंग से टकराया, इसके बाद अतुल्यम हॉस्टल से टकरा गया. इसके चलते विमान आग के गोले में तब्दील हो गया. चारों तरफ धुआं और मलबा बिखर गया.

## गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन



गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल ने पुष्टि की कि विमान हादसे में पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया है. प्लेन क्रेश में पैसेंजर और हॉस्टल के रेजिडेंट डॉक्टर्स को हानि पहुंची है. साथ ही भाजपा परिवार को भी गहरा शोक पहुंचा है. पैसेंजर लिस्ट के मुताबिक विजय रूपाणी इस फ्लाइट में 12वीं सीट पर सवार थे. वह बिजनेस क्लास की Z कैटेगरी में सफर कर रहे थे.

## विमान हादसे में बचे एक यात्री की तस्वीर आई सामने

प्लेन क्रैश में एक यात्री के बचने की खबर है. पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला.यात्री का नाम रमेश विश्वास कुमार है. उसका अस्पताल में इलाज जारी है और कहा जा रहा है कि वह वेंटीलेटर पर है. रमेश विश्वास ने कहा कि हादसे के बाद जोरदार धमाका हुआ, चारों तरफ आग की लपटें थीं. मुझे एंबुलेंस के जरिये अस्पताल लाया गया.



## 204 शव मिले, 41 लोगों का इलाज जारी: अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर

अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर जी. एस. मलिक ने कहा कि अभी तक 204 शव मिल चुके हैं, जबकि 41 लोगों का इलाज जारी है.

## मृतकों की पहचान के लिए DNA सैंपल की व्यवस्था

विमान हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर है. मृतकों की पहचान DNA सैंपल के जरिए की जाएगी.

## प्लेन में महाराष्ट्र के 7 लोग सवार थे

अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त विमान में महाराष्ट्र के 7 लोग महाराष्ट्र थे. इनमें 4 केबिन क्रू और 3 पैसेंजर्स थे. इनके नाम अपर्णा महादिक, महादेव पवार, आशा पवार, मयूर पाटिल, मैथिली पाटिल, दीपक पाठक और शनी सोंघरे हैं. अपर्णा महाद्रिक सांसद सुनील तटकरे के भतीजे अमोल की पत्नी हैं.

## हादसे की जांच होगी बोले उड्डयन मंत्री

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है, हादसे की जांच होगी. पीड़ित परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं. पीएम मोदी ने हादसे के बाद बात की है. विमान में विजय रूपाणी भी थे.

## पायलट ने भेजी थी MAYDAY Call

क्रैश से पहले पायलट की ओर से करीबी ATC को MAYDAY (मेडे) सिग्नल भेजा गया था, ये संदेश तब भेजा जाता है जब किसी विमान या जहाज में गंभीर खतरा हो, जिससे यात्रियों या चालक दल की जान को खतरा हो.

## विमान में सवार थे भारत समेत इन देशों के नागरिक

एयर इंडिया के विमान में 169 भारतीय नागरिक, ब्रिटेन के 53 नागरिक, पुर्तगाल के 7 नागरिक और कनाडा का एक नागरिक सवार था.

## रेस्क्यू टीम में 100 से ज्यादा कर्मी शामिल

विमान हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है. क्रैश साइट पर रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) और सीआरपीएफ के गांधीनगर स्थित ग्रुप सेंटर से 100 से ज्यादा जवानों की टीम तैनात की गई है.

## फास्ट ट्रैक

### विमान बनाने वाली कंपनी ने संवेदनाएं जताई



**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में एयर इंडिया के प्लेन के क्रैश होने की घटना को लेकर हर कोई दुखी है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी समेत देश और दुनिया के तमाम नेताओं ने इस घटना पर शोक जाहिर किया है. दरअसल, एयर इंडिया के यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रहा था. हालांकि, उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान क्रैश हो गया. इस हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मौत की संभावना जताई जा रही है. एयर इंडिया का यह विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा बनाया गया था. अब इस हादसे पर बोइंग की ओर से भी बयान जारी किया गया है.

**बोइंग ने क्या कहा?**

अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया के प्लेन के क्रैश होने की घटना पर अमेरिकी कंपनी बोइंग ने कहा- हम फ्लाइट 171 के बारे में एयर इंडिया के संपर्क में हैं और उनकी सहायता के लिए तैयार हैं. हमारी संवेदनाएं यात्रियों, चालक दल और सभी प्रभावितों के साथ हैं.

जानें विमान के बारे में खास बातें अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुआ एयर इंडिया का विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग का 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन था. बोइंग 787-8 में बिजनेस क्लास और इकोनॉमी क्लास की कुल 254 से लेकर 267 सीट होती हैं. जानकारी के मुताबिक, 787 ड्रीमलाइनर बड़े आकार वाला 2 इंजन वाला विमान है. एविएशन सेफ्टी नेटवर्क डेटाबेस के अनुसार, यह बोइंग 787 विमान की पहली दुर्घटना है.

## 20 प्रशिक्षु डॉक्टरों की मौत की आशंका

### मेडिकल कॉलेज से टकराया विमान

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एक भीषण विमान हादसा हुआ है. अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एयर इंडिया का एक यात्री विमान क्रैश हो गया. यह विमान टेक ऑफ करने के बाद एक रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है. विमान के क्रैश होने से मेघानी नगर इलाके में बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल की इमारत को भी



भारी नुकसान पहुंचा है. बता दें कि अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान उस समय हादसे का शिकार हो गया, जब विमान ने उड़ान भरी.

### राहत और बचाव कार्य तेजी

एयर इंडिया का का B787 विमान VT-ANB, अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस विमान हादसे में 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है. इस विमान में क्रू मेंबर के साथ 242 लोग सवार थे. हादसे के बाद घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है.

## प्रयागराज एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट

### विमानन कंपनियों को दिए गए सख्त निर्देश; बढ़ाई सुरक्षा

**प्रयागराज.** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद प्रयागराज हवाई अड्डे पर अलर्ट जारी किया गया है. यहां सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है.नागर विमानन निदेशालय और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने प्रयागराज में विमान सेवा उपलब्ध करा रही विमानन कंपनियों इंडिगो, अकासा एयर और एलायंस एयर को निर्देश जारी किया है कि उड़ान से पहले विमानों की तकनीकी जांच को अनिवार्य रूप से पूरा करें. गुरुवार को घटना के बाद उड़ानों की सुरक्षा जांच में और अधिक सतर्कता का क्रम भी तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया. गुरुवार को अहमदाबाद में दोपहर करीब डेढ़ बजे हुए इस हादसे ने विमानन क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया. इसके तुरंत बाद प्रयागराज में विमानन कंपनियों को जारी किए गए एडवाइजरी में कहा गया कि उड़ान से पहले विमान के सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों की गहन जांच हो. प्रयागराज हवाई अड्डे पर इस निर्देश का कड़ाई से पालन शुरू हो गया है.



प्रयागराज हवाई अड्डे पर गुरुवार को कुल 12 उड़ानों का संचालन हुआ, जिसमें इंडिगो की छह, अकासा एयर की 4 और एलायंस एयर की 2 उड़ानें शामिल थीं. इस दौरान 875 यात्रियों का आगमन और 986 यात्रियों की रवानगी दर्ज की गई. एयरपोर्ट निदेशक मुकेश उपाध्याय ने बताया कि सभी उड़ानें दोपहर तीन बजे तक निर्बाध रूप से संचालित हुईं. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रयागराज से अहमदाबाद के लिए कोई सीधी उड़ान नहीं है, फिर भी सुरक्षा के लिहाज से सभी उड़ानों की गहन जांच की जा रही है.

## मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ देगा टाटा ग्रुप: एयर इंडिया चेयरमैन

**नई दिल्ली.** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से हम सभी अत्यंत व्यथित हैं. कोई भी शब्द इस क्षति और पीड़ा को व्यक्त नहीं कर सकता. हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, और उन लोगों के साथ भी जो इस हादसे में घायल हुए हैं. उन्होंने घोषणा की कि इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को टाटा ग्रुप ₹1 करोड़ की आर्थिक सहायता देगा. इसके साथ ही सभी घायलों के इलाज का पूरा खर्च कंपनी उठाएगी और उन्हें हर आवश्यक देखभाल और समर्थन प्रदान किया जाएगा. चंद्रशेखरन ने यह भी कहा कि टाटा ग्रुप बी.जे. मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के पुनर्निर्माण में भी मदद करेगा, जो हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ है. उन्होंने कहा कि कंपनी इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों और समुदायों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है.



### एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद पहुंचे

एयर इंडिया विमान हादसे के बाद हालात का जायज़ा लेने के लिए टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद पहुंच गए हैं. एयर इंडिया टाटा ग्रुप का हिस्सा है, और इस गंभीर दुर्घटना के मद्देनज़र चंद्रशेखरन स्वयं स्थिति की निगरानी करने और ज़रूरी निर्देश देने मौके पर पहुंचे हैं.

**दुर्घटनाएं** कभी टेकऑफ के दौरान लगी आग, तो कभी मिसाइल का शिकार हुआ प्लेन

# 10 बड़े विमान हादसे जिसने पूरी दुनिया को हिला दिया

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान ने हादसे से कुछ मिनट पहले ही उड़ान भरी थी. इस फ्लाइट में कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें से 230 यात्री थे. हादसे के बाद से ही राहत-बचाव का कार्य जारी है, लेकिन अहमदाबाद में हुई इस घटना ने हवाई यात्रा की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं. पिछले कुछ समय में टेक्नोलॉजी और एविएशन इंजीनियरिंग में हुए कई एडवांसमेंट के बावजूद विमान हादसे होते रहे हैं और अक्सर इसकी वजह कई रोके जा सकने वाली गलतियां होती हैं.

**चरखी दादरी क्रैश (1996)** हरियाणा के चरखी दादरी में मिड एयर दो विमानों की जबरदस्त टक्कर हो गई थी. यह टक्कर कजाकिस्तान एयरलाइंस और सऊदी अरब एयरलाइंस के विमानों के बीच हुई थी. इसमें 349 लोग मारे गए थे.

**अमेरिकन एयरलाइंस क्रैश (2001):** 2001 में न्यूयॉर्क के क्वींस में मैकडॉनेल डगलस MD-82 क्रैश हो गया था. हादसे की वजह टर्बुलेंस के दौरान ज्यादा रडर इनपुट और कंट्रोल खो जाना था. इस हादसे में कुल 260 लोगों की मौत हुई थी.

**एयर फ्रांस फ्लाइट क्रैश (2009):** एयर फ्रांस का विमान 447 अटलांटिक महासागर में क्रैश हो गया था. जांच में एयरस्पीड की गलत रीडिंग और पायलट की गलती सामने आई थी. हादसे में सभी 228 लोगों की जान चली गई थी.

**मलेशिया एयरलाइंस क्रैश (2014):** 2014 में मलेशिया एयरलाइंस का बोइंग 777 यूक्रेन के ऊपर मार गिराया गया था. इसकी वजह क्या था, यह अभी तक स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है. माना जाता है कि विमान मिसाइल अटैक का शिकार हो गया था. इसमें 298 लोगों की मौत हो गई थी.



### तुर्की एयरलाइंस क्रैश (1974)

1974 में टर्किस एयरलाइंस का विमान 981 पेरिस के बाहर क्रैश हो गया. हादसा इतना खतरनाक था कि विमान में सवार सभी 346 लोगों की मौत हो गई थी. यह बोइंग का 747 एयरक्राफ्ट था. जांच में पता चला कि हादसा कार्गो डोर फेलियर की वजह से हुआ था.

### टेनेरिफ एयरपोर्ट हादसा (1977)

इसे विमान हादसों की सबसे घातक दुर्घटनाओं में से एक माना जाता है. स्पेन के टेनेरिफ एयरपोर्ट पर मिसकम्युनिकेशन की वजह से दो बोइंग 747 विमान रनवे पर ही टकरा गए थे. इस हादसे में 583 लोगों की मौत हुई थी.

### सऊदिया फ्लाइट 163 (1980)

पाकिस्तान के कराची से उड़कर सऊदिया फ्लाइट 163 जेद्दाह से होकर रियाद जा रही थी. विमान ने जैसे ही जेद्दाह एयरपोर्ट से उड़ान भरी, इसमें आग लग गई. इसके बाद प्लेन ने इमरजेंसी लैंडिंग कर भी ली थी, लेकिन क्रू मेंबर्स लोगों को बाहर नहीं निकाल पाए और सभी 287 पैसेंजर और 14 क्रू की मौत हो गई थी.

### एयर इंडिया (1985)

एयर इंडिया की फ्लाइट 182 आतंकवादियों की बमबारी का निशाना बन गई थी. आयरलैंड के कोस्ट पर इस विमान पर बमबारी की गई और विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे. इस बमबारी की जिम्मेदारी एक आतंकी संगठन ने ली थी.

### जापान एयरलाइन क्रैश (1985)

1985 में जापान एयरलाइन का एयरक्राफ्ट 123 क्रैश हो गया था. विमान के रियर प्रेशर बल्कहेड में स्ट्रक्चर फेलियर की वजह से यह दुर्घटना का शिकार हो गया और करीब 520 लोहों की मौत हो गई थी.

### ईरान एयर फ्लाइट (1988)

1988 में ईरान के तेहरान से दुबई जा रहा एयरबस ए300 पर मिसाइल अटैक कर दिया गया. इस हादसे में विमान में सवार सभी 290 लोगों की मौत हो गई थी. ईरान के इतिहास का यह सबसे भयानक विमान हादसा था.

## संपादकीय

# पिता की खामोश मासूमियत

आज जीवन मूल्य तेजी से बदल रहे हैं. सामाजिक जीवन अब कुछ ऐसी जटिलताओं से गुजर रहा है कि पिता-पुत्र के बीच की दूरियां बढ़ गई हैं. आपाधापी इतनी है कि घर में रहने वाले और तेजी से बड़े होते बच्चों के साथ संवाद तो जैसे गायब हो गया है. कई बार संवाद का काम आंखें ही कर लेती हैं. पढ़ें महेश परिमल के विचार.

हमने किसी सोते हुए बच्चे को देखा होगा. उसे देखते हुए क्या हमें ऐसा नहीं लगता कि यह कितना मासूम है? उसके चेहरे पर जो मासूमियत होती है, उसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती. वह चेहरा हमारे सामने सदैव होता है, बच्चे के बड़े होने तक. हम उसी चेहरे को हमेशा प्यार करते हैं. एक और चेहरा हमारे सामने होता है. हम कोशिश करके उसे याद कर सकते हैं. हमसे कुछ सहायता प्राप्त करने वाला या कहा जाए कि हमसे उधार मांगने वाला चेहरा. इस चेहरे के भाव कुछ अलग से होते हैं, पर वह भी मासूम ही होता है. इस चेहरे पर दो तरह के भाव पाए जाते हैं. एक तो स्वाभिमान का, दूसरा शर्म का. जो हाथ पहले कभी किसी के आगे नहीं फैले होंगे, किसी वक्त वही हाथ कुछ मांगने के लिए किसी के सामने फैलाने पड़ते हैं. जो हाथ सदैव देने के लिए उठे होते हैं, बाद में वही मांगने के लिए उठते हैं. इन दोनों भावों को हम उस वक्त देख सकते हैं, जब हमसे कोई पहली बार उधार मांग रहा हो.मासूमियत वाले 2 चेहरे और होते हैं. ये चेहरे होते हैं हमारे माता-पिता के. यह बात भले ही गले से नीचे नहीं उतर रही हो, पर यह सच है कि माता-पिता के चेहरे भी मासूम होते हैं. अगर हमें अपने माता-पिता के चेहरे पर मासूमियत नजर नहीं आ रही है, तो हमें अपनी समझदारी और दृष्टि पर गौर करने व उसमें सुधार करने की जरूरत है. अफसोस है कि हमें अपने माता-पिता कभी मासूम नहीं लगते. हालांकि, मां को इस सामाजिक व्यवस्था में मिले दर्जे की वजह से सर्वोच्च स्थान पर देखा जाता रहा है और इस नाते कई बार उनके चेहरे में मासूमियत दिखती है, जो स्वाभाविक और सही है. लेकिन पिता को आमतौर पर इस दृष्टि से नहीं देखा जाता. यह वह चेहरा होता है, जो सदैव सख्त दिखाई देता है. लोग इसी सख्त और गंभीरता वाले चेहरे से डर जाते हैं. हम उनके भीतर अजस्त्र रूप से बहती उस स्वच्छंद नदी के प्रवाह को नहीं देख पाते, जो सदैव बना रहता है. जो देख पाते हैं, वे बहुत ही भाग्यशाली होते हैं. आज जीवन मूल्य तेजी से बदल रहे हैं. सामाजिक जीवन अब कुछ ऐसी जटिलताओं से गुजर रहा है कि पिता-पुत्र के बीच की दूरियां बहुत बढ़ गई हैं. आपाधापी इतनी है कि घर में रहने वाले और तेजी से बड़े होते बच्चों के साथ संवाद तो जैसे गायब हो गया है. कई बार संवाद का काम आंखें ही कर लेती हैं. प्यार से गले लगाने के दृश्य तो अब यदा-कदा ही दिखाई देते हैं. पिता-पुत्र के बीच संवाद के सेतु का काम मां को ही करना होता है. जहां मां न हो, वहां तो स्थिति और भी विकट होती है.बच्चे को बड़ा होते देखना भला किसे नहीं भाता, पर बच्चा इतना भी बड़ा न बन जाए कि उससे संवाद करने के लिए वातावरण को हल्का करने की आवश्यकता पड़े. दिन भारी लगने लगते हैं, जब बच्चे से बात करने के लिए पिता को इंतजार करना पड़ता है.



साथ-साथ घूमने जाना, एक साथ मिल कर भोजन करना आदि क्रियाकलाप हों. ऐसे माहौल में पता ही नहीं चलता कि घर में किसकी चलती है, पिता की या बेटे की. एक उम्र के बाद पिता और भी अधिक खामोश होने लगते हैं.कई चीजें उनकी आंखों के सामने से गुजरती हैं, वे आंखें उसे स्वीकार नहीं करतीं, पर पिता के सामने उसे स्वीकारने की विवशता भी होती है. एक अनजाना-सा संवाद उनके भीतर ही उमड़ता-घुमड़ता रहता है, जिसे वे शब्द देना चाहते हैं.

# वैवाहिक संबंधों में विश्वास का खात्मा

**इन दिनों आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि पति ने पत्नी को मार दिया. पत्नी ने पति को तरबूज में जहर मिलाकर खिला दिया. बेटी ने प्रेमी के लिए पूरे परिवार को मार डाला. पिता ने दूसरी शादी करने के लिए बच्चों का गला घोंटा. यदि अपनों का ही विश्वास न रहे तो आखिर हम दुनिया में किसका भरोसा कर सकते हैं.**

पति को मारकर उसके शव को नीले ड्रम में सीमेंट से ढकने वाली मेरठ की मुस्कान का केस ठंडा भी नहीं हुआ था कि इंदौर की सोनम का मामला सामने आ गया. कौन अपराधी है और कौन नहीं, अदालत किसे कितनी सजा देगी, यह वक्त बताएगा, लेकिन यह सोचकर दहशत होती है कि हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी को मरवा दिया.

ससुराल वालों के साथ खुश रहना, विवाह के समय नाचना-कूदना और मन में किसी और योजना का चलना. क्या सचमुच उसने राज कुशवाहा जैसे फटेहाल प्रेमी के लिए यह सब किया या किसी और के लिए? राजा की हत्या का राज खुलने के बाद कुछ लोग एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देकर कह रहे हैं कि 90 प्रतिशत से अधिक अपराध पुरुष करते हैं और स्त्रियां तो मात्र छह-



आठ प्रतिशत ही ऐसा करती हैं. क्या यह कहा जा रहा है कि जब तक 92-94 प्रतिशत स्त्रियां भी अपराध न करने लगें, तब तक इन घटनाओं की अनदेखी की जाए?

अपराध को अपराध की तरह देखना चाहिए. स्त्री-पुरुष नहीं करना चाहिए. इसीलिए लंबे अर्से से मांग हो रही है कि स्त्रियों संबंधी कानूनों को लैंगिक भेद से मुक्त किया जाए. स्त्री या पुरुष, जो भी अपराधी हो, उसे सजा मिले. कई महिलाएं टीवी डिबेट्स में कह रही हैं कि सोनम का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है, जबकि वह राजा के घर वालों से बात कर रहा है तो सोनम और राज कुशवाहा के घर वालों से भी.

जब किसी पुरुष के आरोपित बनते ही उसके परिवार वालों को रात-दिन दिखाया जाता है, तब ऐसे विचार क्यों प्रस्फुटित नहीं होते? दुष्कर्म के मामलों में महिलाओं के तो नाम बताना, चित्र दिखाना अपराध है, लेकिन पुरुषों के चित्र हर वक्त दिखाए जाते हैं. अगर वे निर्दोष साबित हो जाते हैं तो क्या उनकी और उनके परिवार की खोई प्रतिष्ठा वापस मिलती है? अनेक बार तो नौकरी तक चली जाती है. इस प्रसंग में 1988 का चर्चित इंदु अरोड़ा-अजीत सेठ कांड याद आता है. हरीश से विवाहित इंदु के अजीत से संबंध थे. उन्हें लगता था कि उनके संबंधों में इंदु के दो छोटे बच्चे रोड़ा बन रहे हैं. दोनों ने मिलकर बच्चों पर मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगा दी. उस समय इस घटना पर भी लोगों में काफी आक्रोश जागा. जब उन्हें जेल भेजा गया तो वहां कैदियों ने उनकी पिटाई की. मेघालय की घटना से राजा रघुवंशी और सोनम के साथ उन चार लड़कों के परिवार भी तबाह हुए, जिन्हें हत्या के आरोप में पकड़ा गया है. जो किसी अपराध को अंजाम देते हैं, उन्हें यह क्यों नहीं लगता कि वे पकड़े भी जाएंगे या यह सोचते हैं कि कुछ भी करके बच निकलेंगे? पुरुषों के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था एकम न्याय फाउंडेशन की दीपिका भारद्वाज ने दो फिल्में बनाई हैं-मार्टरस आफ मैरिज और इंडियाज संस. वह पुरुष आयोग बनाने की मांग करती रही हैं. उन्होंने पत्नियों द्वारा पति की हत्या और पुरुषों की आत्महत्या के मामलों का अध्ययन किया था. इसके अनुसार देश भर में जनवरी 2023 से लेकर दिसंबर तक 306 पतियों और कई मामलों में उनके परिवार वालों की हत्या पत्नियों द्वारा की गई. इनमें से कुछ हत्याओं को आत्महत्या बताने की कोशिश की गई. एक तरफ महिलाओं के बारे में कहा जाता है कि वे बहुत सशक्त हो रही हैं, लेकिन दूसरी तरफ जैसे ही कोई स्त्री अपराध करती है.

# शिक्षा के नाम पर बंद होगी लूट

इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे अभिभावकों को चिंता से मुक्ति मिलेगी. शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने पर 50 हजार के जुर्माने का प्रावधान निस्संदेह सरकार का सख्त कदम है.





दिल्ली के निजी विद्यालयों में मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं. अभी हाल ही में द्वारका में कई अभिभावकों ने सरकार की अनुमति के बिना एक विद्यालय पर शुल्क बढ़ोतरी का आरोप लगाया था. साथ ही दावा किया था कि बच्चों और उनके माता-पिता पर दबाव बनाने के लिए कुछ स्कूलों में अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाते हैं. निजी विद्यालयों की निरंकुशता का मुद्दा अदालतों में भी उठता रहा है. ऐसा भी नहीं कि शिक्षा निदेशालय को वस्तुस्थिति मालूम न हो. सवाल यह है कि निजी विद्यालयों को मनमानी करने की छूट किसने दी? कौन लोग हैं जो इन्हें अब तक शह देते रहे हैं? लगातार शिकायतें मिलने पर दिल्ली सरकार ने हाल ही में विधानसभा में दिल्ली स्कूल शिक्षा (पारदर्शिता निर्धारण और शुल्क विनियमन-2025) विधेयक पारित करने का निर्णय किया था, मगर किन्हीं कारणों से यह पेश नहीं किया जा सका था.अब इस विधेयक को अध्यादेश के जरिए लागू करने का दिल्ली मंत्रिमंडल का फैसला एक महत्त्वपूर्ण कदम है. इससे शुल्क प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों को भी बड़ी राहत मिलेगी. निजी विद्यालयों को अब जवाबदेह बनना होगा. वे अभिभावकों पर मनमाने तरीके से आर्थिक बोझ नहीं डाल सकेंगे. हैरत की बात तो यह है कि निजी विद्यालयों में शिक्षा शुल्क के अतिरिक्त अन्य मदों में राशि जोड़कर कई वर्षों से वसूली की जाती रही है. विकास शुल्क के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है. मगर, अब इस पर रोक लग सकेगी.

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना शुल्क बढ़ाने पर निजी विद्यालयों और दिल्ली शिक्षा निदेशालय को नोटिस जारी किए थे. इसमें दोराय नहीं कि बार-बार शुल्क बढ़ाए जाने से गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों पर नाहक ही आर्थिक बोझ पड़ता है. नया अध्यादेश लागू होने के बाद निजी विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेंगे. इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे अभिभावकों को चिंता से मुक्ति मिलेगी. शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने पर पचास हजार के जुर्माने का प्रावधान निस्संदेह सरकार का सख्त कदम है.


# एयर कंडीशनर का नया नियम


ऐसा बताया गया है कि नया नियम फिलहाल सभी नए एयर कंडीशनर पर लागू होगा. यानी आने वाले दिनों में बाजार में उपलब्ध एयर कंडीशनर में तापमान 20 डिग्री से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं रखा जा सकेगा.




अपने घर या कार्यालय को मनमर्जी के मुताबिक वातानुकूलित करने की प्रवृति अब लोगों को बदलनी होगी. क्योंकि, आने वाले दिनों में एसी (एयर कंडीशनर) की हवा को ज्यादा ठंडा करने का विकल्प ही मौजूद नहीं होगा. ऐसा इसलिए, क्योंकि केंद्र सरकार एयर कंडीशनर के तापमान का मानकीकरण करने वाली है. नए नियमों के तहत इसके तापमान को न्यूनतम 20 डिग्री और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में ही रखा जाएगा. इससे न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है. कई देशों में इस तरह के नियम पहले से लागू हैं. भारत में भी इसको लेकर काफी पहले से विचार किया जा रहा था, लेकिन कुछ तकनीकी पहलू और सरकारी स्तर पर इच्छाशक्ति का अभाव इसमें रोड़ा बना हुआ था, पर अब सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए नए नियमों के मसविदे को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. देश में वातानुकूलन के लिए तापमान का मानकीकरण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि गर्मियों के दिनों में बिजली की मांग चरम पर पहुंच जाती है. इसमें सबसे ज्यादा योगदान एयरकंडीशनर और हवा को ठंडा करने वाले अन्य उपकरणों का होता है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर वातानुकूलन के समय तापमान तय सीमा में रखा जाए तो देशभर में सालाना हजारों करोड़ यूनिट बिजली की बचत हो सकती है. इससे कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों पर भी दबाव कम होगा और कार्बन उत्सर्जन में भी खासी कमी आएगी.भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह पहल महत्त्वपूर्ण साबित हो सकती है. वैसे भी अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना जरूरी हो गया था. जापान, इटली, स्पेन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में एयर कंडीशनर के तापमान को लेकर पहले से ही सख्त नियम लागू हैं. जापान में तापमान की सीमा 26 डिग्री, जबकि इटली और स्पेन में 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखी गई है.ऐसा बताया गया है कि नया नियम फिलहाल सभी नए एयर कंडीशनर पर लागू होगा. यानी आने वाले दिनों में बाजार में उपलब्ध एयर कंडीशनर में तापमान 20 डिग्री से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं रखा जा सकेगा.

# राशिफल





■ **मेष:** अपने नियमित व्यायाम से ब्रेक लेने से आपको लाभ होगा. यदि आपने व्यवसाय में पैसा खो दिया है, तो आप इसे फिर से पाने के लिए तैयार हैं. सफलतापूर्वक पूरा हुआ कोई प्रोजेक्ट आपको प्रतिष्ठा के पद पर पहुंचा सकता है.

■ **वृषभ:** आज किसी को उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की उम्मीद कर सकते हैं. व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करने के लिए यह एक अच्छा दिन है. पारिवारिक विवाद को सुलझाने का आपका प्रयास सफल होने की संभावना है.

■ **मिथुन:** आपको किसी भी काम का ज्यादा प्रेशर लेने की जरूरत नहीं है. आज आपको बीच का रास्ता अपनाने की सलह दी जाती है. संतुलन बनाना जरूरी है. जिस व्यक्ति से आप प्यार करते हैं, उसे यह बताने के लिए बहुत साहस की आवश्यकता होती है कि आपके रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं.

■ **कर्क:** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है. ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है. पॉजिटिव सोच बनाकर रखें. अपने काम पर फोकस करें. गॉसिप से दूर रहें. जरूरत पड़ने पर फैमिली या पार्टनर से सलह लें.

■ **सिंह:** आज का दिन आपके लिए काफी बिजी साबित हो सकता है. कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं. बहुत ज्यादा प्रेशर न लें. वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें. समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें.

■ **कन्या:** आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है. काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें. सेहत के मामले में भाग्य साथ देगा. अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट प्लान करें. खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है.

■ **तुला:** आज का दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है. काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं. व्यापार, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं. तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें.

■ **वृश्चिक:** आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है. लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को आज ही प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए. इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें. फिट रहने पर फोकस रखें.


■ **धनु:** आज का दिन थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है. समय पर काम ना पूरा होने से सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है. धन का आगमन होगा लेकिन खर्च बढ़ने की संभावना भी ज्यादा है. बाहर के खाने से परहेज करें.

■ **मकर:** एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं. हाल ही में हुई किसी डील से भारी मात्रा में धन-लाभ हो सकता है. प्रेम जीवन में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी. घर में खुशियों का माहौल रहेगा. विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं.

■ **कुंभ:** आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए. करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी. किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा. अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें.

■ **मीन:** आज आपका कोई सपना पूरा हो सकता है. अपने उत्साह को काबू में रखें. आपकी कमाई करने की क्षमता में सुधार होगा. अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अपनी प्रोफेशनल क्षमता का इस्तेमाल करें. आपको अपने कार्यक्षेत्र में असीमित सफलता मिलने की संभावना है. आज जीवनसाथी की सेहत को लेकर आप तनाव में रह सकते हैं.आज का आपका दिन काफी बेहतरीन साबित हो सकता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 366



**ऊपर से नीचे:-**

1. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-3
2. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-3
3. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-3
5. 'चुपके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-3
8. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-3
9. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-3
11. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-3
13. 'बन्नो तेरी आँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-3
14. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-2
17. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-3
19. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-2
20. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-2
22. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-2
23. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-3
24. जाकिर, शबाना, अरूणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-2

**बायें से दायें:-**

1. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होली खेले' गीत वाली फिल्म-4
4. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सीमा की फिल्म-2
6. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-3
7. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-3
9. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-2
10. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-2
12. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-2
13. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-3
15. अजय देवगन, पुजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-2
16. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-2
18. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-3
21. अमिताभ वाली फिल्म 'याराना' की नायिका कौन थी-2
22. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-4
25. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-2
26. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-4
27. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली- 365 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | ड | कै | त | | गा |
| क्ति | | दा | न | वी | र | | क्ष | त्रि | य |
| | री | | | र | | श | क | | ब |
| गु | ना | ह | | ता | ल | | | क | |
| म | | वा | दा | | ग | र्व | | सू | र्या |
| ना | ना | | मि | ल | न | | सु | र | |
| म | | सु | नी | ल | | रा | जा | | ए |
| | ने | हा | | का | श | | ता | क | त |
| क्रो | | ग | द | र | | दे | | | रा |
| ध | र्मा | | म | | रा | व | ण | रा | ज |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 366

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 23 | 22 | | 32 | 14 | 19 | 13 | |
| 14 | | 7 | | | | 4 | | 7 | 25 |
| 16 | 5 | | 8 | | 2 | | 3 | | 16 |
| 15 | | 6 | | | | 3 | | 2 | 21 |
| 26 | 5 | | 2 | | 7 | | | | |
| | | | | 8 | | 2 | | 8 | 30 |
| 21 | 5 | | 7 | | | | 4 | | 15 |
| 16 | | 5 | | 3 | | 7 | | 8 | 23 |
| 23 | 5 | | 6 | | | | 8 | | 21 |
| | 12 | 19 | 19 | 23 | | 21 | 23 | 28 | |

**अंकजाल 365 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 23 | 20 | 10 | | 23 | 25 | 18 | 16 | |
| 12 | 2 | 7 | 3 | | 4 | 2 | 6 | 7 | 19 |
| 19 | 9 | 3 | 7 | | 2 | 5 | 5 | 4 | 16 |
| 11 | 9 | 2 | | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | 32 |
| 32 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 7 | | | |
| | | | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 33 |
| 25 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | | 2 | 5 | 7 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | | 8 | 7 | 3 | 18 |
| | 21 | 12 | 29 | 35 | | 16 | 22 | 19 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल – 366

**शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं**

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | रा | ज | त | हो | प | न | प | क्त |
| ज | क्रि | ब | ना | द | म | जा | जि | स्म | र | ह |
| न | के | र | हे | नि | ऐ | ना | न | व | टि | म |
| बी | ट | सा | न | शा | वा | त | क | ले | ज | को |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | बा | गो | ब | दि |
| ब | र | त | अ | ग | स | ए | व | र | वॉ | वा |
| द | प | म | न | प | व | ह | अ | गो | प्ला | ना |
| क | र | क | चा | क | ह | भा | र | चो | आ | क |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | र |
| फु | ट | पा | त | र | शो | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

**शब्दजाल - 365 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | वि | न | र | क |
| ना | य | क | को | ट | वा | जी | रा | इ | रा | ल |
| आ | बे | दे | पू | ह | जी | स्म | स | का | म | दि |
| पु | ची | व | श | ट | ज | प | त | पा | ल | र |
| का | त | ई | फा | में | व | खें | जा | भा | ख | ते |
| र | मे | म | दे | ला | बे | टा | न | ई | न | जा |
| ट | जं | न्स | मे | बु | क | ता | या | न | है | ब |
| च | म | न | ए | स | ल | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | दी | री | ता | न | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | टा | ल | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में अद्भुत कामयाबियां



Axiom Mission-4 के तहत उड़ान भरने जा रहे शुभांशु शुक्ला के साथ देश के 1.4 अरब से ज्यादा लोगों की उम्मीदें और महत्वकांक्षाएं भी उड़ान भरेंगी. इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन का यह सफर देश के लिए अंतरिक्ष के नए दरवाजे खोलेगा, जिसकी छाप आने वाले अभियानों पर दिखेगी. सोवियत सोयुज स्पेसक्राफ्ट में बैठकर राकेश शर्मा साल 1984 में जब स्पेस में पहुंचे थे, तब से 41 बरस हो चुके हैं. शुभांशु दूसरे भारतीय होंगे, जो अंतरिक्ष में जा रहे हैं. चार दशक के इस लंबे अंतराल में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अद्भुत कामयाबियां हासिल की हैं. अमेरिका, रूस, चीन समेत वह दुनिया की बड़ी स्पेस पावर में शुमार हो चुका है. मिशन चंद्रयान और मिशन आदित्य ने उसे अलग लीग में ला खड़ा किया है, फिर भी एक कमी थी, जो अब शुभांशु की यात्रा से पूरी हो रही है. राकेश शर्मा से लेकर शुभांशु तक, भारत के लिए स्पेस में बहुत कुछ बदला है. तब वह शुरुआत थी, इंफ्रा और तकनीक की कमी थी. इसी वजह से दूसरे भारतीय को स्पेस तक जाने के लिए 2025 तक का इंतजार करना पड़ा. लेकिन, इन बीते बरसों में तकनीक, हुनर और संसाधन - सभी मोर्चों पर काम किया गया है. ISRO की पहचान ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है. ऐसे में ISS पर रहकर शुभांशु जो कुछ भी सीखेंगे, उसका फायदा आगे मिलेगा. भारत अपने ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन 'गगनयान' पर काम कर रहा है. सब कुछ सही रहा तो 2027 में देश अपने दम पर अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजेगा. इसके बाद का अगला बड़ा लक्ष्य है 2035 तक अपना पहला स्पेस स्टेशन खोलना और 2040 तक चांद पर इंसान को भेजना. इन दोनों और भविष्य के सभी अभियानों के लिए शुभांशु का अनुभव बहुमूल्य साबित होगा. Axiom Mission-4 के मायने इसलिए भी बहुत हैं, क्योंकि इसने स्पेस और साइंस को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है.


जनसंवाद नेटवर्कस् प्रा. लि. हेतु राष्ट्रबाण (प्रेस) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य द्वारा यह मुद्रित कर 101/5 गणेश स्नेहल अपार्टमेंट नागपुर-22 से प्रकाशित. प्रधान संपादक - *विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य, *पी. आर. बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार ■ इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत है. उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरुरी नहीं. RNI Reg. No. HIN/72804 ■ फोन नं. 0712-7966355, rashtrabaanngp@gmail.com

# MAYDAY... MAYDAY... MAYDAY

## क्रैश से पहले पायलट ने दिया था सिग्नल लेकिन नहीं टला

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को बड़ा विमान हादसा हुआ. अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान टेकऑफ करते ही क्रैश कर गया. इस बीच अब विमान हादसे को लेकर कई तरह की जानकारी सामने आ गई है, जिसमें सबसे अहम जानकारी यह भी है कि विमान के पायलट की ओर से क्रैश से ठीक पहले करीबी एटीसी को सिग्नल भेजा गया था, जो कि खतरे का अंदेशा बता रहा था और इसी के कुछ पल के बाद विमान क्रैश कर गया.





### क्या होती है MAYDAY Call?

किसी भी फ्लाइट में 'मेडे कॉल' (Mayday Call) एक इमरजेंसी मैसेज होता है, जो पायलट उस वक्त देता है जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू की जान को खतरा हो. जैसे कि विमान का इंजन फेल होना, विमान में आग लगना, हवा में टकराव का खतरा, या हाईजैक जैसी स्थिति बन जाए. इस कॉल के ज़रिए कोई भी पायलट एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) और नज़दीकी विमानों को अलर्ट करता है कि प्लेन को तुरंत मदद की ज़रूरत है. इसे प्लेन के रेडियो पर 3 बार बोला जाता है—Mayday, Mayday, Maydayताकि साफ हो जाए कि यह मज़ाक नहीं बल्कि असली संकट है.

जानकारी के मुताबिक, जैसे ही Mayday Call दिया जाता है कंट्रोल रूम उस विमान को प्राथमिकता देता है और सभी संसाधनों को उसकी मदद में लगा देता है, जैसे इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत, रनवे खाली कराना, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड तैयार रखना. 'मेडे' शब्द फ्रेंच के m'aider से आया है, जिसका मतलब होता है मेरी मदद करो. ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि हालात बहुत ज्यादा गंभीर न हो लेकिन चिंता की हो, तब पायलट पैन-पैन (Pan-Pan) कॉल करता है, जो 'मेडे' से कम गंभीर मानी जाती है.

## 11 साल पुराना बोईंग विमान

**7000 KM उड़ान पर था**

अहमदाबाद में क्रैश हुए प्लेन की एक-एक डिटेल

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन AI-171 क्रैश हुआ है. क्रैश साइट से आसमान में काला धुआं उठता हुआ देखा गया. रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई है. अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद यह हादसा हुआ.अहमदाबाद पुलिस कंट्रोल रूम ने इसकी पुष्टि की है. जानकारी के मुताबिक यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था. अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेक ऑफ करने के कुछ देर बाद मेघानीनगर के पास क्रैश हो गया.

### 30-50 साल चल सकता है प्लेन

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की डिज़ाइन की गई जीवन अवधि 44,000 उड़ान चक्र है. यानी जो 30 से 50 वर्षों की संभावित लाइफ बताती है. जबकि अधिकांश वाणिज्यिक जेट इतने लंबे समय तक सेवा में नहीं रहते हैं. 787 की मजबूती बेड़े और सेवानिवृत्ति योजना में अधिक लचीलापन प्रदान करती है. अहमदाबाद में गिरा प्लेन सिर्फ साढे 11 साल पुराना था.

### बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की स्पेसिफिकेशंस

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एक वाइड-बॉडी, मिड-साइज और लॉन्ग-रेंज एयरक्राफ्ट है, जो 210-250 सीटों के साथ 8,500 नॉटिकल माइल्स (9,800 मील) तक की दूरी तय कर सकता है. इसे 20% कम फ्यूल कंजम्प्शन के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो पर्यावरण के लिए भी बेहतर है.

### अहमदाबाद से लंदन की उड़ान

अहमदाबाद से लंदन तक की उड़ान करीब 7,000 किलोमीटर की है. यह 787-8 ड्रीमलाइनर के लिए एक परफेक्ट है. यह एयरक्राफ्ट कम्फर्टेबल और एफिशिएंट था. आज, कई एयर-लाइंस जैसे एयर इंडिया, ब्रिटिश एयरवेज और एतिहाद इस रूट पर 787-8 का इस्तेमाल करती हैं.



### सिक्योरिटी मेजर्स

एडवांस्ड सिक्योरिटी स्क्रीनिंग: एयरपोर्ट पर पासेंजर्स की सख्त स्क्रीनिंग होती है, जिसमें बैगेज, बॉडी स्कैन और आईडी वेरि-फिकेशन शामिल है.

1. कॉकपिट सिक्योरिटी: 787-8 में कॉकपिट एक्सेस कंट्रोल सिस्टम है, जिससे अनधिकृत एंट्री रोकने में मदद मिलती है.
2. साइबर सिक्योरिटी: एयरक्राफ्ट के सिस्टम्स को हैकिंग से बचाने के लिए एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी मेजर्स हैं.
3. इंटेलिजेंस शेयरिंग: एयर-लाइंस और गवर्नमेंट एजेंसियां रियल-टाइम इंटेलिजेंस शेयर करती हैं, ताकि किसी भी खतरे को पहले से पता लगाया जा सके.
4. रिडंडेंट सिस्टम्स: 787-8 में कई सिस्टम्स रिडंडेंट हैं, जैसे इंजन, हाइड्रोलिक्स और इलेक्ट्रिकल सिस्टम्स, ताकि अगर कोई सिस्टम फेल हो, तो दूसरा काम करे.
5. एडवांस्ड नेविगेशन: GPS और इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (ILS) के साथ, पायलट्स को सटीक नेविगेशन मिलता है.

### पैरामीटर विवरण

- लंबाई 56.70 मीटर
- विंग की चौड़ाई 60 मीटर
- ऊंचाई 16.90 मीटर
- इंजन 2 इंजन (आमतौर पर जनरल इलेक्ट्रिक या रोल्स-रॉयस)
- ईंधन क्षमता 1,26,206 लीटर
- अधिकतम गति 954 किमी/घंटा
- अधिकतम रेंज 13,620 किलोमीटर
- बैठने की क्षमता 254 यात्रियों तक
- निर्माता बोइंग (यूएसए)
- अनुमानित लागत 2.18 हजार करोड़ रुपये (21.8 बिलियन)

## यह हैं वो 14 भीषण विमान हादसे...

### कभी हवा में टकरा गए 2 प्लेन

### तो कभी घाटी में गिरकर हुए टुकड़े-टुकड़े

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद में भीषण विमान हादसा हुआ है. बताया जा रहा है कि एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए टेक ऑफ हुआ था और कुछ ही देर में हादसे का शिकार हो गया. दुर्घट-नास्थल पर घने काले धुएं का गुबार उठता नजर आ रहा है. राहत बचाव के लिए रेस्क्यू टीम पहुंच चुकी है. यह पहली घटना नहीं है, जब एयर इंडिया का कोई विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है. आजादी के बाद से ही ऐसे कई सारे विमान हादसे हुए हैं, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई. नजर डालते हैं हाल के कुछ बड़े विमान हादसों पर.

### 7 अगस्त 2020 कोझीकोड विमान हादसा

7 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड (कालीकट) में एयर इंडिया एक्सप्रेस बोइंग 737-800 विमान हादसे का शिकार हो गया था. इस दुर्घटना में 17 यात्री और क्रू मेंबर (दोनों पायलट सहित) की मौत हो गई थी और 138 लोग घायल हो गए थे. यह हदासा रनवे पर रुकने में असफल होने के कारण विमान 100 फीट गहरी घाटी में गिर गया था. इस हादसे में प्लेन के तीन टुकड़े हो गए थे. भारी बारिश और खराब दृश्यता के कारण विमान हादसे का शिकार हुआ था.



### पटना में भीषण विमान हादसा

बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर का बोइंग 737-2A8 विमान हादसे का शिकार हो गया था. इस दुर्घटना में 56 यात्रियों की मौत हो गई थी. इनमें से 51 के शव विमान में मिले थे और 5 ज़मीन पर पाए गए थे.

### 22 मई, 2010 मैंगलोर विमान हादसा

कर्नाटक के मैंगलोर में 22 मई 2010 को एयर इंडिया का एक्सप्रेस बोइंग 737-800 नाम का प्लेन क्रैश हो गया था. इस घटना में 158 यात्रियों की मौत हुई थी. विमान में 160 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे. इनमें से केवल 8 बच पाए थे. हादसे की वजह खराब मौसम के कारण रनवे ओवररन बताया गया था. प्लेन एक घाटी में जाकर गिर गया था और विमान 2 हिस्सों में टूट गया था.

## 'लंच के लिए हॉस्टल गया था बेटा, प्लेन गिरा तो दूसरी मंजिल से कूद गया'

अहमदाबाद विमान हादसे पर बोलीं रमीला

**नई दिल्ली.** गुजरात के अहमदाबाद में दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एयर इंडिया की फ्लाइट AI 171 टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो गई. इस बीच रमीला नाम की एक महिला का बयान सामने आया है, जिनका बेटा उसी




हॉस्टल में रहता था, जहां ये प्लेन क्रैश हुआ. कांपते हुए स्वर में उन्होंने बताया, 'मेरा बेटा लंच ब्रेक में हॉस्टल गया था और वहीं प्लेन गिर गया. मुझे लगा सब खत्म हो गया. लेकिन भगवान का शुक्र है, मेरा बेटा बच गया.

# इमारत पर फंसा नजर आया फ्लाइट का पिछला हिस्सा

**अहमदाबाद.** गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट (AI-171) 5 मिनट बाद ही क्रैश कर गई. इस विमान में 242 यात्री सवार थे जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं. यह विमान रनवे से उड़ान भरने के साथ ही एयरपोर्ट के पास बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर क्रैश हो गया जिससे इमारत में भी आग लग गई.

### हॉस्टल पर गिरा एयर इंडिया का विमान



### विमान गिरते ही तेज धमाका हुआ

घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई. हादसे के बाद जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि विमान का पिछला हिस्सा (टेल) मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर फंसा हुआ है. विमान के इमारत पर गिरते ही तेज धमाका हुआ और आग लग गई. इसके बाद हरतरफ धुएं का गुबार दिखाई देने लगा. हादसे के बाद डीजीसीए (DGCA) की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है जिसके बाद घटना की जांच की जाएगी. अभी विमान हादसे के बाद उसमें सवार लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है.

### कैप्टन सुमित सभरवाल उड़ा रहे थे विमान

बताया जा रहा है कि जिस विमान का क्रैश हुआ है उसे कैप्टन सुमित सभरवाल चला रहे थे, जबकि उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे. सुमित सभरवाल बेहद अनुभवी पायलट थे और उन्हें 8200 घंटे फ्लाइट उड़ाने का अनुभव था. इस हादसे के बाद दिल्ली से अहमदाबाद जाने वाली सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है.

## फास्ट ट्रैक

### ऋषिकेश में राफ्टिंग के दौरान बड़ा हादसा टला

राष्ट्रबाण

**ऋषिकेश.** उत्तराखंड में ऋषिकेश की गंगा नदी में रिवर राफ्टिंग के रोमांच के बीच उस समय एक पर्यटक की जान पर बन आई, जब वह तेज बहाव में बहने लगा. लेकिन वहां मौजूद राफ्टिंग गाइड ने न सिर्फ सूझबूझ दिखाई, बल्कि जान जोखिम में डालते हुए पर्यटक को सुरक्षित बाहर भी निकाला. यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और अब सोशल मीडिया पर वायरल है. गाइड की बहादुरी की हर जगह सराहना हो रही है. जो वीडियो वायरल है, उसमें साफ देखा जा सकता है कि राफ्टिंग के दौरान अचानक एक टूरिस्ट का संतुलन बिगड़ता है और वह गंगा में गिरकर बहने लगता है.


# मथुरा में हुआ लव जिहाद!

### ऑटो रिक्शा चालक इमरान ने नाम बदलकर कई हिंदू महिलाओं को फंसाया

राष्ट्रबाण

**मथुरा.**यूपी की मथुरा पुलिस ने बताया कि ईद पर सोशल मीडिया पर 'भड़काऊ मैसेज साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए मुस्लिम युवक के मोबाइल फोन में कथित तौर पर हिंदू महिलाओं से जुड़ी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिले हैं. पुलिस ने यह भी बताया कि युवक ने कथित तौर पर हिंदू होने का नाटक करके कई महिलाओं को संबंध बनाने के लिए लुभाया, उन्हें आपत्तिजनक स्थितियों में फिल्माया और उनके वीडियो/फोटो को ऑनलाइन वायरल किया.

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस-एसपी) श्लोक कुमार ने न्यूज एजेंसी से कहा कि उन्होंने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई है, जिसने डिजिटल साक्ष्य बरामद होने के बाद अब गंभीर मोड़ ले लिया है. पुलिस के अनुसार,



यहां कोतवाली क्षेत्र के मछली मंडी निवासी और ऑटो रिक्शा चालक इमरान को रविवार को स्थानीय हिंदू नेताओं द्वारा ईद पर उसके द्वारा किए गए सांप्रदायिक और भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में शिकायत करने के बाद हिरासत में लिया गया था. उसकी गिरफ्तारी के बाद, हिंदू समूहों ने आरोप लगाया कि इमरान लव जिहाद में शामिल था. पुलिस ने बताया कि इन आरोपों के आधार पर इमरान के मोबाइल फोन को फोरेंसिक जांच के लिए साइबर मुख्यालय भेजा गया है. उसके मोबाइल फोन पर हिंदू महिलाओं की आपत्तिजनक स्थिति में तस्वीरें और वीडियो भी मिले हैं.

एसएसपी ने बताया कि आरोपी इमरान ने महिलाओं को फंसाने के लिए ऑनलाइन फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया और फिर रिकॉर्ड किए गए अश्लील फोटो/वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया. उन्होंने आगे बताया कि सोशल मीडिया कंपनियों को ईमेल भेजकर इमरान के सभी अकाउंट और उनसे जुड़े यूआरएल की जानकारी मांगी गई है. एसएसपी ने बताया, फोन रिकॉर्ड के आधार पर हम पीड़ितों की पहचान करने और उन्हें आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं. उनकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी और अगर ज़रूरत पड़ी तो उन्हें काउंसलिंग भी दी जाएगी.इमरान कथित तौर पर व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम समेत कई प्लेटफॉर्म पर सक्रिय था.

## जगन्नाथ के मंदिर में इन सब्जियों का नहीं होता इस्तेमाल

राष्ट्रबाण

**नई .**ओडिशा का जगन्नाथ पुरी मंदिर एक से एक चौंकाने वाले रहस्य भरा हुआ है. इस साल 27 जून 2025 को यहां होने वाली रथ यात्रा में लाखों भक्त यहां की कई अनोखी परंपराओं को देखेंगे. इस मंदिर में दिव्यता का एहसास करेंगे. वहीं, कई चीजे मंदिर में ऐसी होती हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी. दुनिया की सबसे बड़े रसोई गन्नाथ पुरी के मंदिर की रसोई है. करीब 15 हजार वर्ग फीट जगह पर बनी इस रसोई में करीब 500 रसोइए और 300 सहयोगी लकर खाना बनाते हैं. कहते हैं कि इस रसोई में सामान्य दिन में करीब 20 हजार लोगों के लिए और विशेष दिन में करीब 50 हजार लोगों के लिए प्रसाद तैयार होता है.

## शादीशुदा बहन के प्रेमी की काट डाली थी गर्दन

### 11 साल पुराने हत्याकांड में कोर्ट ने भाई को सुनाई सजा

### अब सलाखों के पीछे कटेगी पूरी जिंदगी

राष्ट्रबाण

**देवरिया.**उत्तर प्रदेश के देवरिया में 11 साल पूर्व हुई नृशंस हत्या के मामले में अपर एवं सत्र न्यायधीश ने अभियुक्त श्रीराम यादव को दोषी पाया है. कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है. साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है.

गौरतलब है कि थाना खुखुन्दू क्षेत्र के ग्राम जुआफ़र के रहने वाले श्रीराम यादव की बहन माना देवी की शादी ग्राम पिपरा शुक्ल में हुई थी. उसके बच्चे भी थे. वहीं, दूसरी तरफ ग्राम महुई पांडेय निवासी रमाशंकर यादव ग्राम जुआफ़र में ईंट-भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था. वह भी शादीशुदा था और उसके बच्चे थे. रमाशंकर की पत्नी मर चुकी थी. इसी बीच रमाशंकर के शादीशुदा माना यादव से प्रेम संबंध स्थापित हो गए. मगर कुछ दिन बाद रमाशंकर सऊदी अरब नौकरी करने



चला गया. हालांकि, वह माना के संपर्क में बना रहा. जब वह लौटा तो माना यादव को अपनी पत्नी बनाकर घर पर रख लिया. यह बात माना के भाई श्रीराम यादव को नागवार गुजरने लगी. वह बदले की आग में तिल-तिल मर रहा था. श्रीराम यादव लगातार पुलिस व प्रशासन में शिकायत करता रहा लेकिन कुछ नहीं हुआ. माना रमाशंकर के साथ उसके घर पर रह रही थी. समाज में तरह-तरह की बातों से श्रीराम परेशान रहने लगा था और उसने रमाशंकर की हत्या की साजिश रच डाली. इसके लिए उसने श्रीराम से नजदीकी बढ़ाई. मगर उसके मन में कहीं न कहीं बदले की आग धधक रही थी. 31 अक्टूबर 2014 को रमाशंकर के यहां शराब और मीट की दावत हुई. रात होने पर श्रीराम ने रमाशंकर से बाइक से उसे घर छोड़ने का निवेदन किया. किसी अनहोनी से अंजान रमाशंकर उसे बाइक पर पीछे बिठाकर चल दिया.

**मामला** क्या है इन्फ्लुएंसर कमल की मौत का सच?


# इवेंट प्रमोशन के लिए निकली थी, कार का नंबर प्लेट भी फर्जी


राष्ट्रबाण

**बठिंडा.** लुधियाना की फेमस इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी की मौत ने पंजाब में सनसनी फैला दी है. बठिंडा के आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की पार्किंग में उनकी लाश कार की पिछली सीट से बरामद हुई. शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है. कनाडा में बैठे आतंकी अर्शदीप डाला की धमकी से जुड़े तार भी खंगाले जा रहे हैं.

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की रहस्यमयी मौत ने पंजाब पुलिस को उलझन में डाल दिया है. बुधवार की शाम बठिंडा के आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की पार्किंग में एक कार से लुधियाना की रहने वाली कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी का शव बरामद हुआ. प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है.

कमल कौर को सोशल मीडिया पर अश्लील और विवादित कंटेंट के






लिए जाना जाता था. 9 जून को इवेंट प्रमोशन के लिए घर से निकली थी. उसके बाद से उसका परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया. बुधवार को जब आदेश अस्पताल की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने लगी, तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार खोली, तो पिछली सीट पर महिला का शव बरामद हुआ. एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने बताया कि जिस कार में शव मिला, वह कमल कौर के नाम पर रजिस्टर्ड है, लेकिन उस पर जो नंबर प्लेट लगी थी, वह फर्जी पाई गई है. इससे यह संदेह और गहरा गया है कि हत्या किसी और स्थान पर की गई और शव को पार्किंग में खड़ी कार में डालकर छोड़ दिया गया.

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भिजवा दिया है. अधिकारी मानते हैं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो सकेगा कि मौत का कारण क्या था-क्या उसे गला घोंट कर मारा गया या किसी अन्य तरीके से. सूत्रों के अनुसार, शव की स्थिति और कार की स्थिति से प्रतीत होता है कि यह सुनियोजित हत्या हो सकती है.

**अब आगे क्या?**

फिलहाल पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और उस पर फोरेंसिक जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज की मदद से यह जानने की कोशिश हो रही है कि कार को अस्पताल की पार्किंग में किसने और कब लाकर खड़ा किया. इस सनस-नीखेज मामले में अब पूरे पंजाब की नजरें बठिंडा पुलिस पर हैं कि आखिर कमल की मौत का सच क्या है. यह हत्या है, आत्महत्या या किसी गहरे रैकेट का हिस्सा.

बठिंडा एसएसपी अमनीत कोंडल ने कहा कि शव काफी डीकम्पोज हो चुका था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मौत की घटना करीब 12 से 24 घंटे पहले हुई होगी. पुलिस ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि उस शख्स की पहचान की जा सके जिसने यह कार पार्किंग में छोड़ी. कमल कौर की सोशल मीडिया प्रोफाइल विवादों में रही थी. उनके वीडियो में अक्सर आपत्तिजनक भाषा और भाव-भंगिमा होती थी, जिसे लेकर वह कई बार सुर्खियों में रहीं. यही वजह है कि इस हत्या को लेकर कई एंगल्स पर नजर रखी जा रही है. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि घटना से पहले कमल किन-किन लोगों के संपर्क में थीं, और उनका मोबाइल फोन और डिजिटल डेटा भी खंगाला जा रहा है.फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. बठिंडा पुलिस की टीम तकनीकी सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया तंत्र की मदद से यह जानने की कोशिश कर रही है कि हत्या आखिर कहां हुई, गाड़ी पार्किंग तक कौन लाया और कमल कौर की मौत के पीछे असली साजिशकर्ता कौन है.

### गैंगस्टर अर्श डाला का एंगल आया सामने

इस मामले में एक और चौंकाने वाला एंगल सामने आया है. पिछले साल अक्टूबर में कमल कौर को कनाडा में बैठे खालिस्तानी गैंगस्टर और घोषित आतंकी अर्श डाला से धमकी मिली थी. उसने कमल से अश्लील कंटेंट पोस्ट करना बंद करने को कहा था. पुलिस इस धमकी को भी गंभीरता से ले रही है और जांच में इसे शामिल किया गया है. एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हम हर एंगल से जांच कर रहे हैं, फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन तकनीकी सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय इनपुट से जल्द स्थिति साफ हो सकती है.

## गले में सांप लटकाकर उसे चूमा, फिर पिलाने लगा शराब

### नशे में शख्स ने सड़क पर किया तमाशा

राष्ट्रबाण

**धर्मपुरी.** तमिल नाडू के धर्मपुरी में एक शख्स ने शराब के नशे में सांप गले में लपेटकर खूब तमाशा किया. नशे में धुत इस व्यक्ति ने अपने गले में सांप लपेटकर, TASMAC की दुकान से शराब खरीदी और सड़क के बीच में सांप को शराब पिलाने की कोशिश करने लगा. अपने ड्रामे से उसने यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशान किया.

आरोपी शख्स की पहचान राजापेट्टई के सूर्या के रूप में हुई है. सबसे पहले वह गले में सांप लटकाकर शराब खरीदने आया तो दुकान के कर्मचारी हैरान रह गए. इसके बाद वह शराब की बोतल लेकर सड़क के डिवाइडर पर बैठ गया और सांप को शराब पिलाने की कोशिश करने लगा. सूर्या को दूसरों को सांप दिखाने की कोशिश करते और कथित तौर पर उसे चूमते हुए भी देखा गया.



पुलिस को मामले के बारे में सूचित किया गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने सूर्या को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है. बता दें कि दो दिन पहले उत्तराखंड के देहरादून से ऐसा मामल सामने आया था जहां नशे में घुत एक लड़की ने सड़क पर तमाशा किया. रायपुर थाना क्षेत्र में एक युवती का नशे की हालत में सड़क पर बैठने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. यह घटना शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गई.

# अचानक CM फडणवीस से क्यों मिले राज ठाकरे?

## महाराष्ट्र की सियासत में हलचल!



राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र की सियासत में गुरुवार (12 जून) को बड़ी हलचल देखने को मिली जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनसे प्रमुख राज ठाकरे की आपस में मुलाकात हुई. एक ओर उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन के संकेत दे रहे राज ठाकरे अब निकाय चुनाव से पहले बीजेपी के नेता और सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिल रहे हैं. ऐसे में इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है. दरअसल, गुरुवार (12 जून) की सुबह ताज लैंड्स एंड में दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच मीटिंग हुई और इस दौरान कुछ चर्चा भी की गई. यह मुलाकात स्थानीय निकाय चुनाव से पहले अहम मानी जा रही है. दोनों नेताओं की मुलाकात इसलिए भी अहम है क्योंकि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे साथ आने की भी बात कर रहे हैं. ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या राज ठाकरे महाराष्ट्र के सियासी खेल में बाजी पलटने का काम कर सकते हैं?

पहली भी कई बार मिल चुके हैं फडणवीस-ठाकरे

बता दें, महाराष्ट्र में सरकार बनाने के बाद से सीएम देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे की मुलाकात कई बार हुई है. जब एकनाथ शिंदे की नाराजगी की खबरें आ रही थीं, तब भी दोनों के बीच मुलाकात हुई थी. उस दौरान दोनों नेताओं में क्या बातचीत हुई थी, यह सामने नहीं आया था.

उद्धव-राज ठाकरे की सुलह की चर्चाएं थीं तेज

अब तक महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में यह चर्चा थी कि ठाकरे भाई सारे गिले-शिकवे मिटा कर एक बार फिर साथ आएंगे. इसको लेकर दोनों ही नेताओं की तरफ से अच्छे संकेत मिल रहे थे. शिवसेना यूबीटी के मुखपत्र सामना के फ्रंट पेज पर उद्धव और राज ठाकरे की तस्वीर भी छपी थी, जिसपर लिखा गया था कि महाराष्ट्र की जनता का जो फैसला होगा, वही होगा. इसके बाद से यह लगभग तय हो गया था कि बाल ठाकरे की शिवसेना वापस आने वाली है.

### महाराष्ट्र की राजनीति में राज ठाकरे क्यों जरूरी?

दरअसल, राज ठाकरे ने साल 2005 में शिवसेना से अलग होकर अपनी नई पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) बनाई थी. तबसे ही वे महाराष्ट्र की सियासत में पकड़ बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. भले ही जीत के आंकड़े राज ठाकरे के साथ नहीं होते हैं, लेकिन मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, पुणे आदि की जनता पर राज ठाकरे की अच्छी पकड़ है. ऐसे में अकेले न सही, किसी दल के साथ मिलकर राज ठाकरे भारी प्रभाव डाल सकते हैं.

# प्लेन हादसे पर उद्धव ठाकरे ने जताया शोक

## '...मैं बस इतना ही कह सकता हूं'





**मुंबई.** अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लंदन के गैटविक जा रहा विमान गुरुवार (12 जून) को क्रैश हो गया. एयर इंडिया विमान के क्रैश पर उद्धव ठाकरे ने शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना चौंकाने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि पूरा देश शोक में है. उद्धव ठाकरे ने अपनी संवेदना और संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, एयर इंडिया की यह दुर्घटना और इसमें मरने वालों की संख्या भी एक राष्ट्रीय संकट है. एक पल में, सब कुछ बदल गया है. मां जगदंबा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और मृतकों के परिवारों को इस सदमे से उबरने की शक्ति प्रदान करें. इस समय मैं बस इतना ही कह सकता हूं. दुर्घटना का दृश्य और जानमाल की हानि देखकर, मेरे सहित हर कोई अवाक है. इस विमान में 242 लोग सवार थे जिसमें 10 क्रू मेंबर भी शामिल थे. ये प्लेन उड़ान भरने के पांच मिनट बाद भी क्रैश हो गया. विमान ने जब उड़ान भरी तो वह अपने कंट्रोल में दिखी लेकिन अचाकन ही विमान नीचे आने लगी और क्रैश हो गया. ये विमान अहमदाबाद के एक डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर जा गिरा. जो विमान क्रैश हुआ है वो बोइंग ड्रीमलाइनर 787 थी. इसमें कुछ यात्रियों की क्षमता 300 थी. इसे सबसे सुरक्षित विमानों में से एक माना जाता है. एयर इंडिया की बेड़े में इस विमान को 12 साल पहले शामिल किया गया था. पहली बार इस विमान ने 14 दिसंबर 2013 को उड़ान भरी थी. घटना के पीछे की वजह क्या है ये अभी पता नहीं चला है. ब्लैक बॉक्स बरामद होने के बाद इसके पीछे की वजह सामने आएगी. एक्सपर्ट्स की मानें तो ब्लैक बॉक्स के डेटा को कलेक्ट करने में छह महीने या उससे ज्यादा का भी समय लग सकता है. घटनास्थल पर राहत और बचाव का कार्य जारी है. न्यूज़ एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, इस विमान में सवार सभी 242 लोगों की मौत हो गई है. अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर के हवाले से ये खबर दी है. इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी सवार थे.

### CM देवेंद्र फडणवीस ने जताया दुख



अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघाणी नगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एअर इंडिया का लंदन जा रहा विमान उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में चालक दल के 10 सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे. हादसे में कई लोगों के हताहत होने की भी आशंका है. इस हादसे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी-एसपी के अध्यक्ष शरद पवार की प्रतिक्रिया आई है. देवेंद्र फडणवीस ने X पर पोस्ट कर लिखा, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के यात्री विमान में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख और सदमा लगा.

### शरद पवार ने क्या कहा?



इसके अलावा शरद पवार ने X पर लिखा, गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना हृदय विदारक है. यह सुनकर भी बहुत दुख हुआ कि इस दुर्घटना में जानमाल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है. मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल यात्रियों का इलाज करने वाली एजेंसियों और दुर्घटना स्थल पर काम करने वालों को मजबूती मिले और घायल लोग जल्द स्वस्थ हों. बता दें कि नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने एक बयान में कहा कि अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान में 232 यात्री और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे. बोइंग विमान को उड़ान भरने के तुरंत बाद एकदम नीचे आता देखा गया और यह अपराह्न करीब दो बजे हवाई अड्डे के नजदीक मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना के तुरंत बाद, इलाके में काले धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा गया. आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने तत्काल बचाव, निकासी और अग्निशमन अभियान शुरू कर दिया.

## फास्ट ट्रैक

### 78 लोगों से 3.7 करोड़ की ठगी

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे में इंवेस्टमेंट पर हाई रिटर्न के नाम पर कुल 78 लोगों के साथ 3.7 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है. इस ठगी के आरोप में एक निवेश फर्म से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. फर्म ने कुछ साल पहले महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में अपना कार्यालय खोला और आकर्षक ब्याज दरों का वादा करने वाली विभिन्न निवेश योजनाओं की मार्केटिंग करना शुरू कर दिया. एक अधिकारी ने बताया कि फर्म के साझेदारों और कर्मचारियों सहित आरोपियों ने लोगों को अच्छे रिटर्न के लिए पैसा निवेश करने का लालच दिया. पीड़ितों ने 2021 और 2022 के बीच फर्म की योजनाओं में पैसा लगाया.

### ऑटो-रिक्शा में 5 बच्चों को ले जाने का आदेश

**पुणे.** स्कूली छात्रों को ले जाने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों के लिए 5 छात्रों को ले जाना अनिवार्य है, साथ ही छात्रों को ले जाने वाली वैन में सीसीटीवी कैमरे और एक महिला हेल्पर का होना भी अनिवार्य है. पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बुधवार को चेतावनी दी कि नियमों का पालन न करने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों और वैन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. बुधवार को पुणे पुलिस आयुक्तालय में स्कूली छात्र परिवहन जिला सुरक्षा समिति की बैठक हुई.

# 10,000 किसानों की कृषि में 'एआई' का प्रयोग : पवार

राष्ट्रबाण

## न्यायालय ने एचटीबीटी कपास पर प्रतिबंध लगाया



शरद पवार ने कहा कि 'एचटीबीटी कपास' की खेती पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन किसानों की जिद के कारण उन्होंने कृषि मंत्री रहते हुए प्रयास किया. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी लड़ाई लड़ी, लेकिन कोर्ट ने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया और प्रतिबंध को बरकरार रखा.

**अहिल्यानगर.** राज्य में 10 हजार किसानों के खेतों में प्रायोगिक तौर पर 'एआई' तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. यह तकनीक कृषि के लिए 'गेम चेंजर' साबित होगी. इससे कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. राज्य सरकार ने इसके लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है. देश के पूर्व कृषि मंत्री और वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता शरद पवार ने बताया कि वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट और राज्य के सहकारी चीनी कारखानों को भी मदद मिलेगी. रयात शिक्षण संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एडवोकेट. श्रीरामपुर में रावसाहेब शिंदे जयंती और संगठन के जूनियर कॉलेज की इमारत का उद्घाटन शरद पवार ने किया . वह उस समय बोल रहे थे. इस अवसर पर 'रैयत' पदाधिकारी रामशेठ ठाकुर, सांसद नीलेश लंका, चंद्रकांत दलवी, एमकेसीएल के मुख्य मार्गदर्शक विवेक सावंत, अविनाश आदिक, भागीरथ शिंदे, दादा कलमकर, मीनाताई जगधने, अरुण कडू, रावसाहेब म्हस्के, भागचंद चूड़ीवाल, राम भोगले, संदीप वर्पे आदि उपस्थित थे. शरद पवार ने कहा, जब स्वर्गीय अन्नासाहेब शिंदे और मैं केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तब कृषि के क्षेत्र में कई शोध हुए थे. भारतीय प्रशासन अनुसंधान परिषद में 5 हजार शोधकर्ता काम करते हैं. राजस्थान में ऊंटों पर शोध किया जाता है. जब मैं कृषि मंत्री था, तब एडवोकेट. अन्नासाहेब शिंदे के नाम पर यहां एक विभाग शुरू किया गया था. वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की बैठक में राज्य के कृषि क्षेत्र में विशेष रूप से गन्ने की खेती के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग करने का निर्णय लिया गया. राज्य सरकार, वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट और सहकारी चीनी मिलें किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगी. इस प्रायोगिक तकनीक का उपयोग राज्य के दस हजार किसानों के खेतों में गन्ने की खेती के लिए किया जाएगा. उसके बाद 9 हजार और किसानों को जोड़ा जाएगा. 'एआई' के इस्तेमाल से पानी और लागत में 30 प्रतिशत की बचत होगी और उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि होगी. अगर यह परियोजना सफल रही तो इसका उपयोग सोयाबीन, तुअर और कपास जैसी फसलों के लिए भी किया जाएगा. यह तकनीक कृषि क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित होगी. उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. इस अवसर पर पच्चीस वर्षों से डिजिटल साक्षरता में योगदान देने वाले पूर्व एमकेसीएल प्रमुख विवेक सावंत को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया. डॉ. प्रेरणा शिंदे ने स्वागत किया.

# दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार भारी वाहनों को जब्त किया जाएगा

## लाइसेंस भी निलंबित किए जाएंगे

राष्ट्रबाण



**पुणे.** शहर में भारी वाहनों से होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं के मद्देनजर डंपर, ट्रक, सीमेंट मिक्सर जैसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया गया है. पिछले पांच सालों में गंभीर दुर्घटनाओं में शामिल भारी वाहनों की जानकारी एकत्र की जाएगी और ऐसे वाहनों को जब्त किया जाएगा. संबंधित चालकों के लाइसेंस भी रद्द किए जाएंगे, यह चेतावनी बुधवार को पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दी. मार्केट यार्ड के गंगाधाम चौक पर ट्रक की चपेट में आने से दोपहिया वाहन पर सवार दीपाली सोनी नामक महिला की मौत हो गई. इस दुर्घटना में दीपाली के ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए. शहर में गंभीर दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बुधवार को भारी वाहनों और उनके चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी.

शहर में प्रमुख सड़कों पर भारी वाहनों के चलने पर प्रतिबंध है, लेकिन कई वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते देखे गए हैं. शिकायतें मिली हैं कि भारी वाहन यातायात जाम और गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं. पिछले साल शहर में 334 जानलेवा दुर्घटनाएं हुईं. इन दुर्घटनाओं में 345 लोगों की मौत हुई. पिछले पांच महीनों में शहर के अलग-अलग इलाकों में दुर्घटनाओं में 133 लोगों की मौत हो चुकी है. पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी.

# पत्नी ने कुल्हाड़ी से पति को मार डाला

## सांगली में खौफनाक वारदात

राष्ट्रबाण



**सांगली.** महाराष्ट्र में सांगली जिले के कुपवाड़ शहर में वट पूर्णिमा की रात दिल दहला देने वाला कांड सामने आया, जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया. यहां एक ओर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखकर वटवृक्ष (बरगद) की पूजा कर रही थीं, वहीं दूसरी ओर एक नवविवाहिता ने अपने पति की बेरहमी से हत्या कर दी. यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब इंदौर का राजा रघुवंशी हत्याकांड पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है.

जानकारी के अनुसार, कुपवाड़ के प्रकाश नगर स्थित एकता कॉलोनी में रहने वाले 45 वर्षीय अनिल तानाजी लोखंडे की शादी 27 वर्षीय राधिका बालकृष्ण इंगले से हुई थी. राधिका ने 11 से 12 जून की रात कुल्हाड़ी से अपने पति अनिल की हत्या कर दी. कुल्हाड़ी से अनिल के सिर और हाथ पर किया गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई.घटना की सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ औद्योगिक एस्टेट पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया.

पुलिस ने राधिका को हिरासत में ले लिया है. हत्या के पीछे की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है. पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ में जुटी है.अनिल लोखंडे की यह दूसरी शादी थी. उनकी पहली पत्नी की कैंसर से मौत हो गई थी. पहली शादी से उनकी दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है. पेट की बीमारी से परेशान अनिल अकेले रहते थे. रिश्तेदारों की सलाह पर उन्होंने दूसरी शादी सतारा जिले के वादी गांव की राधिका इंगले से 17 मई 2025 को की थी, लेकिन महज एक महीने के अंदर ही यह वारदात हो गई.

# गेट का ढांचा गिरने से 2 लोगों की मौत, 2 घायल

राष्ट्रबाण



**संभाजीनगर.** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ. सिद्धार्थ गार्डन के एंट्री गेट पर बना एक ढांचा गिर गया, जिसकी चपेट में आकर 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए. यह हादसा तेज हवाओं और बारिश की वजह से हुआ बताया जा रहा है. पुलिस के अनुसार, नगर निगम की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई है. छत्रपति संभाजीनगर के पुलिस आयुक्त प्रवीण पवार ने पत्रकारों से कहा, 'सिद्धार्थ गार्डन हादसे को लेकर जब नगर निगम का कोई अधिकारी लिखित शिकायत देगा, तब हम एफआईआर दर्ज कर संबंधित लोगों पर कार्रवाई करेंगे.' नगर आयुक्त जी. श्रीकांत ने बताया, 'सिद्धार्थ गार्डन के पास एंट्री गेट पर बना एक ढांचा गिर गया, जिसकी वजह से वहां खड़े दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए. घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है. हमने एफआईआर दर्ज कराने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी है. मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी. न सिर्फ इस ढांचे, बल्कि अन्य कमजोर इमारतों का भी विशेष निरीक्षण किया जाएगा और अगले 7 दिनों में इसका ऑडिट पूरा किया जाएगा. उसके बाद यह तय किया जाएगा कि गार्डन में प्रवेश की अनुमति दी जाए या नहीं.'

### पेड़ गिरने से महिला घायल

इसी बीच, एक अन्य घटना में भगतसिंह नगर में एक पेड़ गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. इस पर नगर आयुक्त ने कहा, 'भगतसिंह नगर में तेज हवाओं की वजह से एक पेड़ गिरा, जिससे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है. उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है.'

### दूसरी मंजिल से गिरी बच्ची,बची जान

पुणे. मोशी इलाके में तीन साल की बच्ची खेलते समय दूसरी मंजिल पर स्थित घर की बालकनी से गिर गई. बच्ची बेहोश हो गई और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया. उसके सिर में गंभीर चोट आई थी. डॉक्टरों ने समय पर इलाज कर उसकी जान बचा ली. यह बच्ची पुणे के मोशी इलाके में रहने वाले एक परिवार की है. खेलते समय वह दूसरी मंजिल पर स्थित घर की बालकनी से गिर गई. पड़ोसियों ने उसे बेहोश पाया. दिमाग में चोट लगने के कारण उसकी हालत गंभीर थी. उसके माता-पिता उसे तुरंत अंकुर महिला एवं बाल अस्पताल ले गए. उसे बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया. उसे 24 घंटे निगरानी में रखा गया.

## अपराध | कोर्ट ने 20 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा, करोड़ों का खेल!

# ड्रग्स फैक्ट्री केस का मास्टरमाइंड शकील गिरफ्तार

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** पुलिस को रायगढ़ के कर्जत के फार्म हाउस में चल रही हाई-प्रोफाइल ड्रग्स फैक्ट्री केस में बड़ी सफलता मिली है. आरसीएफ पुलिस ने इस मामले के मास्टरमाइंड शकील मेमन उर्फ शकील चिकना को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले महीने फैक्ट्री का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार चल रहा था. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां उसे कोर्ट ने 20 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है.पुलिस के अनुसार, चिकना ही इस ड्रग्स नेटवर्क का मास्टरमाइंड था. उसकी योजना के तहत कर्जत के सुनसान इलाकों में बंगले किराए पर लेकर वहां एमडी ड्रग्स बनाई जाती थी. हर महीने करीब 100 किलो ड्रग्स तैयार होती थी और हर तीन महीने में ठिकाना बदल दिया जाता था ताकि शक न हो. शकील चिकना नवी मुंबई का निवासी है और अपने बेटे के साथ मिलकर पूरे ऑपरेशन को अंजाम देता था. तैयार ड्रग्स की सप्लाई मुंबई और दूसरे शहरों में फैले नेटवर्क के जरिए की जाती थी. मुंबई की RCF पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया था जिसने फार्महाउस को ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री में बदल दिया था. इस गैंग ने फार्महाउस मालिक से बकरियां पालने के नाम पर फार्महाउस का 2 कमरा एक लाख रुपये (50 हजार प्रति कमरा) प्रति माह की दर से किराए पर लिया था जहां बाकायदा MD ड्रग्स बनाने का पूरा सेटअप किया गया था. मुंबई पुलिस के ईस्ट रीजन के एडिशनल कमिश्नर महेश पाटिल ने बताया कि इसी साल के मार्च महीने में RCF पुलिस ने 45 ग्राम MD जब्त कर एक मामला दर्ज कर एक शख्स को गिरफ्तार किया था. मामले की जांच आगे बढ़ी तो पुलिस 4 और ड्रग्स पेडलर्स को मुंबई और नवी मुंबई से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 6 किलो 689 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया गया जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 13 करोड़ 37 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है. पाटिल ने आगे बताया कि फैक्ट्री से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया और छापेमारी के दौरान वहां से ड्रग्स बनाने के मटेरियल के साथ साथ 5 किलो 525 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया. पुलिस ने आगे बताया कि छापेमारी के दौरान जो रॉ मटेरियल मिला उसकी कीमत करीबन एक करोड़ रुपये है और अगर उससे ड्रग्स बनाया जाए तो कम से कम 150 किलो MD ड्रग्स बन सकता है जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीबन 300 करोड़ रुपये होती.

### रायगढ़ जिले के कर्जत में एक फार्महाउस में ड्रग्स की फैक्ट्री

पाटिल ने आगे बताया कि जब जांच आगे बढ़ी तो हमें पता चला कि आरोपी रायगढ़ जिले के कर्जत में एक फार्महाउस में ड्रग्स की फैक्ट्री चला रहे हैं. इसके बाद DCP नवनाथ ढवले ने सीनियर इंस्पेक्टर महादेव कुम्भार, PI समशेर तड़वी, API मैत्रानंद खंदारे और PSI सुशांत सालवी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई और फिर टीम ने कर्जत के किकवी इलाके में स्थित सावली फार्म हाउस में जहां आरोपियों में MD ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री बनाई थी वहां छापेमारी की.

- पाटिल में आगे बताया कि आरोपियों ने फार्म हाउस बकरी पालन करने के नाम पर लिया था और बकरी के शौच की स्मेल से MD की फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल की बदबू कुछ हद तक दब जाती है जिससे लोगों को यह नही पता चल पाता कि यहां MD बनाने की फैक्ट्री है.
- सूत्रों ने आगे बताया कि आरोपी पिछले 3 महीने से इस फार्म हाऊस में ड्रग्स बना रहे थे आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे एक सप्ताह में 25 किलोग्राम ड्रग्स बनाते थे इस हिसाब से 3 महीने में उन्होंने 300 किलोग्राम के करीब ड्रग्स बनाया होगा जिसकी कीमत करीब 600 करोड़ रुपये है.

# असदुद्दीन ओवैसी ने क्यों नहीं की PM मोदी से मुलाकात?

## वारिस पठान बोले- 'उनका सम्मान 80 फीसदी बढ़ा

राष्ट्रबाण



**मुंबई.** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत का प्रतिनिधिमंडल दुनिया के कई देशों में जाकर देश का पक्ष रखने के बाद लौट चुका है. 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनके अनुभव जाने. इस महत्वपूर्ण बैठक में AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की गैरमौजूदगी पर कई सवाल उठने लगे हैं. इसी को लेकर AIMIM के नेता वारिस पठान ने एक निजी चैनल पर स्पष्ट जवाब दिया.

क्यों नहीं आए असदुद्दीन ओवैसी?

वारिस पठान ने बताया कि असदुद्दीन ओवैसी की अनुपस्थिति कोई राजनीतिक कारण नहीं था, बल्कि मेडिकल इमरजेंसी के चलते उन्हें विदेश जाना पड़ा. उन्होंने कहा, "ओवैसी साहब ने फोन पर जानकारी दी कि मेडिकल इमरजेंसी के कारण उन्हें देश से बाहर जाना पड़ा. उन्होंने अपने समूह प्रमुख जयंत पांडा को इसकी सूचना दे दी थी. अब वो आकर क्या करेंगे, यह सभी को पता चल जाएगा." पठान ने ओवैसी के बढ़ते सम्मान का भी जिक्र किया और कहा, "एक सर्वे में देखा गया है कि ओवैसी साहब का सम्मान 51% बढ़ गया है, लेकिन मेरे अनुसार यह 80% तक बढ़ा है. उन्होंने कभी अपने सम्मान की चिंता नहीं की. वारिस पठान ने कहा, अल्लाह ने उन्हें बहुत इज्जत दी है और वो खुद के नहीं, देश के सम्मान के लिए गए थे. जब बात देश की होती है, तो राष्ट्र सर्वोपरि होता है." उन्होंने यह भी कहा कि ओवैसी को मंत्रियों से भी ज्यादा सम्मान मिला है और वो हमेशा राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हैं.

# आलिया - शरवरी करेंगी 'धमाका'

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 2 बड़ी फिल्मों पर तेजी से काम हो रहा है. जहां पहली फिल्म है– वॉर 2. 14 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर भिड़ते हुए नजर आएंगे. फिल्म का कुछ वक्त पहले ही टीजर आया था, जिसे मिला जुला रिस्पॉन्स मिला. इसे यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म कहा जा रहा है. जो आने वाली फिल्मों के लिए मंच सेट करेगी.



वहीं साल के आखिर में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ आ रही हैं, जो फिल्म में बॉबी देओल से भिड़ेंगी. पर उससे भी बड़ा धमाका फिल्म में दोनों मिलकर करने वाली हैं.वाईआ-रएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों में शो स्टॉपिंग ट्रैक सुनने को मिले हैं. बात वॉर के 'जय जय शिवशंकर' की हो या फिर 'पठान' के 'झूमे जो पठान' की. दोनों ही गानों ने खूब धूम मचाई. पर अब शाहरुख खान और ऋतिक रोशन को टक्कर देने के लिए आलिया भट्ट आ रही हैं. फिल्म में किसके साथ स्पेशल डांस नंबर करेंगी? वाईआरएफ की पहली स्पाई फिल्म अल्फा में एक डांस सीक्वेंस होने वाला है. जिसे मैसिव स्केल पर तैयार किया जा रहा है. कहा जा रहा है कि यह फिल्म का अहम हिस्सा होगा. पिछले 2 महीने से आलिया भट्ट और शरवरी वाघ इस डांस नंबर के लिए तैयारियां कर रहे हैं. यह तैयारी मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में चल रही है. दरअसल दोनों एक्ट्रेस इस वक्त कड़ी ट्रेनिंग कर रही हैं. न सिर्फ अपने डांस के लिए बल्कि फिटनेस को अचीव करने के लिए.'अल्फा' में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ इस अंदाज में दिखेंगी, जैसे पहले देखी गईं हो. दरअसल दोनों का लक्ष्य है ऐसा परफॉर्मेंस देना, जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के ग्रैंड स्केल को मैच कर सके. हालांकि, यह फिल्म इस यूनिवर्स के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि पहली बार फीमेल स्पाई फिल्म बड़े पर्दे पर धूम मचाएगी. फिल्म इसी साल क्रिसमस पर रिलीज होगी.



# 'बालिका वधु' की आनंदी अब असल में बनेंगी दुल्हन




बालिका वधु' में आनंदी का रोल निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अविका गौर ने अपनी सगाई का ऐलान कर दिया है। अपनी शानदार पर्सनैलिटी के लिए जानी जाने वाली अविका अब जल्दी ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। एक्ट्रेस अविका गौर ने अपने बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी के साथ इंगेजमेंट की खबर सोशल मीडिया पर दी। बुधवार को अविका ने इंस्टाग्राम पर कुछ प्यारी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें दोनों साथ में नजर आ रहे हैं।अपने रोके की तस्वीरें शेयर करते हुए अविका ने एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा- ₹उसने मुझसे सवाल किया.मैं मुस्कुरा दी, रो पड़ी और जोर से 'हां' बोल दिया। मैं बिल्कुल फिल्मी हूं- बैकग्राउंड म्यूजिक, स्लो मोशन में सपने, बहता मस्कारा सब कुछ था। वो बहुत शांत और समझदार है, हमेशा कहता है कि फर्स्ट एड किट साथ रखनी चाहिए। मैं ड्रामा क्वीन हूं, वो सब संभालता है और इसी वजह से हम एक-दूसरे के लिए परफेक्ट हैं। जब उसने प्रपोज किया, तो मेरे अंदर की हीरोइन जाग गई- हाथ ऊपर, आंखों में आंसू और दिमाग बिल्कुल ब्लैंक। क्योंकि सच्चा प्यार परफेक्ट नहीं होता, लेकिन वो जादुई जरूर होता है. अविका गौर और मिलिंद चंदवानी की पहली मुलाकात हैदराबाद में कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई थी। शुरुआत में मिलिंद ने अविका को सिर्फ दोस्त मान लिया था यानी 'फ्रेंड जोन' कर दिया था। लेकिन वक्त के साथ उनकी ये दोस्ती प्यार में बदल गई। करीब पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब ये कपल शादी के लिए तैयार है। अविका और मिलिंद की जोड़ी 2020 से साथ है। नवंबर 2020 में दोनों ने अपने रिश्ते को फिशियल किया था।

## रोमांटिक म्यूजिक की पहचान बने जुबिन नौटियाल




यश राज फिल्म्स और मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' का दूसरा गाना 'बर्बाद ' आज रिलीज हो गया है। इस दिल छू लेने वाले गाने को गाया है जुबिन नौटियाल ने और इसके बोल और म्यूजिक दिए हैं द ऋषि ने। 'सैयारा' के टीज़र के बाद से ही यह फिल्म चर्चा में है। वाईआरएफ और मोहित सूरी - दोनों को बेहतरीन लव स्टोरीज़ के लिए जाना जाता है - और इस फिल्म के नए चेहरों की केमिस्ट्री और अभिनय को भी काफी सराहना मिली है मोहित सूरी ने 'बर्बाद' गाने में जुबिन को लेने की वजह बताते हुए कहा,₹हर दौर में कुछ गायक होते हैं जो रोमांस की आवाज़ बन जाते हैं, और जुबिन नौटियाल आज के समय में सबसे ऊपर हैं। जब मैंने 'बर्बाद' सुना, मुझे यकीन हो गया कि इसे सिर्फ जुबिन ही गा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹जुबिन की आवाज़ में एक अलग ही जादू है जो रोमांटिक गानों को और भी गहराई और असर देती है। ये बहुत दुर्लभ गुण होता है, और इसी वजह से जुबिन जैसे सिंगर्स सुपरस्टार बन जाते हैं। 'बर्बाद' उन सभी के दिलों को छू सकता है, जिन्होंने कभी प्यार किया है। मोहित कहते हैं,₹प्यार पर बने गानों में एक खास तरह की यादें ताजा करने की ताकत होती है। 'बर्बाद' ऐसा ही एक गाना है जो लोगों को उनके अपने प्यार की कहानियों से जोड़ सकता है।

# बदल गई बॉर्डर 2 की रिलीज डेट




सनी देओल आने वाले साल के लिए धांसू प्लानिंग किए बैठे हैं. यूं तो उनके खाते में पहले ही कई बड़ी फिल्में हैं. पर एक्टर का पूरा फोकस इस वक्त अपनी बॉर्डर 2 पर है. जो अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. इस साल 10 अप्रैल को उनकी जाट आई थी. जिसमें वो सबसे तगड़ा एक्शन करते दिखे. फिल्म को लोगों का प्यार भी मिला, पर कमाई के मामले में पिछड़ गए. कुछ वक्त पहले एक्टर देहरादून में 'बॉर्डर 2' का शूट कर रहे थे. यूं तो फिल्म को 23 जनवरी, 2026 लाने का ऐलान किया गया था. पर इसमें बदलाव हो रहा है.सनी देओल की 'जाट' इस वक्त नेटफ्लिक्स पर धुआं उड़ा रही है. जिससे एक्टर काफी खुश हैं. हालांकि, उससे पहले उनकी 'गदर 2' आई थी, जिससे करोड़ों का कारोबार किया था. हाल ही में एक्टर एक सोशल इवेंट में पहुंचे थे. जहां उन्होंने लोगों को शुक्रिया कहा. साथ ही वादा करते दिखे कि आने वाले समय में और अच्छी फिल्म लाएंगे.इवेंट के दौरान सनी देओल ने 'बॉर्डर 2' को लेकर अपडेट दिया है. एक्टर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग इस वक्त चल रही है. जल्द ही वो भी दोबारा सेट में वापसी करेंगे. दरअसल देहरादून में अपने हिस्से की शूटिंग के बाद वो ब्रेक पर हैं. इस समय दूसरे एक्टर्स अपने पार्ट की शूटिंग कर रहे हैं. फिल्म में दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी दिखाई देंगे. वहीं सनी देओल ने इस दौरान भरोसा जताया कि अगले कुछ महीनों में फिल्म का काम कंप्लीट हो जाएगा.सनी देओल के नए अपडेट के मुताबिक कुछ ऐसा ही लग रहा है. दरअसल जब फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी. तब मेकर्स ने सनी देओल, वरुण धवन के साथ एक तस्वीर शेयर की थी. जिसमें वो युद्ध वाले टैंक पर बैठे दिख रहे थे. वहीं, कैप्शन में रिलीज डेट 23 जनवरी, 2026 मेंशन की गई थी. पर सनी देओल ने बताया कि मेकर्स अब 26 जनवरी यानी रिपब्लिक डे के दिन फिल्म लाने की प्लानिंग कर रहे हैं.

# वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में विक्की कौशल की एंट्री



विकी कौशल ने हर फिल्म में अपने परफॉर्मेंस से जनता को खूब इम्प्रेस किया है. यूं तो उनकी पिछली फिल्म 'छावा' थी, जिससे करोड़ों छापकर पूरा बॉक्स ऑफिस ही हिला डाला. पर उससे पहले भी कभी 'सरदार उधम सिंह', तो कभी 'सैम बहादुर' बनकर दिल जीत लिया. इस वक्त उनके खाते में कई बड़ी फिल्में हैं. फिलहाल वो 'लव एंड वॉर' पर काम कर रहे हैं. लेकिन इसी बीच खबर आई कि उनकी वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हो गई है. क्या है पूरा सच, जानिए इस वक्त वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की वॉर 2 पर काम चल रहा है. उसके बाद आलिया की 'अल्फा', शाहरुख खान की 'पठान 2' पर भी काम होना है. वहीं आदित्य चोपड़ा अपने यूनिवर्स को बेहतर बनाने के लिए लगातार बदलाव कर रहे हैं. लेकिन फिर खबर आई कि अब इस यूनिवर्स में विकी कौशल होंगे. और उन पर एक स्टैंड अलोन पिक्चर बनेगी. पर ऐसा कुछ भी नहीं होने वाला है.विकी कौशल इस वक्त अपकमिंग फिल्मों का काम निपटा रहे हैं. हालांकि, पिंकविला की नई रिपोर्ट से पता लगा कि इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है. विकी कौशल YRF स्पाई यूनिवर्स ज्वाइन नहीं कर रहे हैं. दरअसल मेकर्स यूनिवर्स को और एक्सेप्ट करना चाहते हैं. नए एक्टर्स अलग-अलग किरदार निभाते नजर आएंगे. फिलहाल विकी कौशल का इससे कोई कनेक्शन नहीं है. न ही वो अब तक इस यूनिवर्स से जुड़े हैं.दरअसल जनवरी में ही खबर आई थी कि वो YRF की 'धूम 4' में होंगे. रणबीर कपूर के साथ दूसरी बार विकी कौशल दिखाई देंगे. हालांकि, उसके बाद इस फिल्म से उनका नाम सामने नहीं आया. लेकिन यह कहा गया कि एक स्टैंडअलोन फिल्म उन पर बनेगी. लेकिन अब पता लगा कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है.


# अजय-काजोल ने इन 6 फिल्मों में किया काम





अजय देवगन और काजोल की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इश्क साल 1997 में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी. इसमें आमिर खान और जूही चावला भी लीड रोल में थे. इस फिल्म में इस जोड़ी को काफी पसंद किया गया था. फिल्म की कहानी भी दोनों के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आई थी. 28 साल पहले रिलीज हुई ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. महज 11 करोड़ में बनी फिल्म इश्क ने 45 करोड़ का कलेक्शन किया था. ये उस साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी.फिल्म दिल क्या करे अजय देवगन और काजोल की मशहूर फिल्मों में से एक है. फिल्म की प्यार, रिश्तों और फैमली ड्रामा पर बेस्ड थी. दोनों ने अपने काम से सभी का दिल जीत लिया था. दोनों की ये फिल्म 1999 में रिलीज हुई थी. कहानी को दर्शकों का प्यार मिलने के बाद भी फिल्म दिल क्या करे बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी.'प्यार तो होना ही था' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी, जिसमें अजय देवगन और काजोल की जोड़ी फिर से साथ नजर आई थी. उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया था. 1998 में रिलीज हुई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी. फिल्म ने दुनिया भर में 31.53 करोड़ का कारोबार किया था.काजोल और अजय देवगन की फिल्म 'राजू चाचा' फैमिली ड्रामा पर बेस्ड थी. हंसी, आंसू और दिल को छू लेने वाली भावनाओं से भरपूर फिल्म राजू चाचा को भी सभी का काफी प्यार मिला था. लेकिन अफसोस ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप थी. 25 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने महज 20 करोड़ ही कमाए थे.अजय देवगन और काजोल स्टारर गुंडाराज एक एक्शन फिल्म है. अजय देवगन ने फिल्म में शंकर की भूमिका निभाई है, जो एक सख्त और नेक पुलिस अधिकारी है. वहीं काजोल का किरदार कहानी में गहराई लाने का काम करता है. लेकिन ये फिल्म भी थिएटर में नहीं चल पाई थी और फ्लॉप हो गई थी.तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर अजय देवगन और काजोल स्टारर एक मजेदार ऐतिहासिक ड्रामा है. इसमें अजय देवगन ने महान मराठा योद्धा तानाजी मालुसरे का किरदार निभाया है.

## दीपिका कक्कड़ ने सर्जरी के बाद दी अपडेट



शोएब इब्राहिम और दीपिका कक्कड़ के फैंस उन पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है जब दीपिका कक्कड़ के लिवर कैंसर की सर्जरी हुई है. सर्जरी होते ही दीपिका कक्कड़ ने अपने परिवार के साथ ईद मनाई थी. ईद खत्म होते ही दीपिका कक्कड़ ने अपने फैंस के लिए एक ब्लॉग भी बनाया था. दीपिका कक्कड़ का हाल देखकर उनके फैंस काफी इमोशनल हो गए थे. फैंस लगातार दीपिका कक्कड़ की सलामती की दुआ कर रहे हैं. इसी बीच दीपिका कक्कड़ ने कुछ ऐसा कर दिया है जिसकी वजह से उनके फैं परेशान हो गए हैं.दीपिका कक्कड़ ने कुछ देर पहले ही इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है. सर्जरी होने के बाद पहली बार दीपिका कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर कदम रखा है. इस दौरान दीपिका कक्कड़ ने दबी जुबान में बता दिया कि वो कितने दर्द में हैं. दीपिका कक्कड़ ने लिखा, अल्लाह देखता है अल्लाह जानता है. वो अल्लाह ही है जो सब कुछ ठीक कर सकता है. दीपिका कक्कड़ की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है.दीपिका कक्कड़ ने इस पोस्ट के जरिए बताने की कोशिश की है कि वो इस समय कितने दर्द में हैं. इस बुरे समय में भी दीपिका कक्कड़ को वेल अपना भगवान याद आ रहा है. दीपिका कक्कड़ की इस स्टोरी ने फैंस का दिल तोड़कर रख दिया है. शोएब इब्राहिम भी अपने ब्लॉग के जरिए दीपिका कक्कड़ के हेल्थ अपडेट फैंस को देते रहते हैं. गौरतलब है कि ईद के मौके पर पूरा परिवार दीपिका कक्कड़ से मिलने अस्पताल जा पहुंचा था. इस दौरान ससुरजी ने दीपिका कक्कड़ को ईदी दी थी. ईद के बाद दीपिका कक्कड़ की ननद सबा ने भी अपने बेटे के नाम से पर्दा हटा दिया है. सबा ने बताया है कि उन्होंने अपने बेटे का नाम हैदर रखा है. हाल ही में हैदर दीपिका कक्कड़ के बेटे रूहान के साथ खेलता नजर आया था.

## हाउसफुल 5 मे मेकर्स की पहली पसंद थे ये एक्टर



हाउसफुल 5 इस समय बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. इस फिल्म में एक दो नहीं बल्कि 17 एक्टर शामिल हैं. यह फिल्म एकदम कॉमेडी और सस्पेंस से भरी हुई है. इस फिल्म को लोग बहुत पसंद कर रहें हैं. इस फिल्म से पहले इसके 4 और सीजन आ चुके हैं. इस फिल्म का क्लाइमैक्स बेहद शानदार है. इस फिल्म की क्लाइमैक्स एक नहीं बल्कि दो है. इस फिल्म में अक्षय कुमार सहित कई बड़े स्टार्स शामिल हैं. इसे देखकर आप हंसी से एकदम लोट पोट हो जाएंगे. इस फिल्म में जैकलिन के अलावा सोनम बाजवा भी नजर आईं थीं. एक्ट्रेस का पंजाबी रूप लोगों को बहुत पसंद आ रहा है.इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त जैसे कई कलाकार नजर आए थे. इस फिल्म में इन लोगों ने बहुत शानदार एक्टिंग की थी. फिल्म में भरपूर कॉमेडी दिखाई गई है. कॉमेडी के साथ ही इस फिल्म में भरपूर सस्पेंस दिखाया गया है. इसे देखकर आप लास्ट तक अंदाजा नहीं लगा सकेंगे कि इसमें कौन कातिल है. आपको जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में नाना पाटेकर ने बहुत शानदार एक्टिंग की थी. लेकिन नाना पाटेकर मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे. नाना की जगह मेकर्स इस एक्टर को अपनी फिल्म में लेना चाहते थे.हाउसफुल 5 के निर्देशक साजिद नाडियाडवाला नाना पाटेकर की जगह अमिताभ बच्चन को कास्ट करना चाहते थे. नाना को साजिद संजय दत्त के किरदार के लिए लेना चाहते थे. साजिद नाडियाडवाला जैकी श्रॉफ और संजय दत्त की जोड़ी को नहीं बल्कि नाना पाटेकर और अनिल कपूर की जोड़ी बनाना चाहते थे. साजिद जब अमिताभ के पास इस किरदार को लेकर पहुंचे तो अमिताभ ने उन्हें मना कर दिया था. यह फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है और जल्दी ही 200 करोड़ का आंकड़ा छूने वाला है.

राष्ट्रबाण विदर्भ VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।
तापमानः नागपुर, अधिकतम 39.8°C न्यूनतम 28.2°C
नागपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025

# रेत की तस्करी जोरों पर जारी

## बिना नंबर के ट्रकों में हो रही आवाजाही

राष्ट्रबाण



**भंडारा.** जिले में रेत तस्करों का बोलबाला है. नियमानुसार वाहनों पर नंबर प्लेट होना जरूरी है, लेकिन बिना नंबर के ट्रकों में रेत की ढुलाई हो रही है. जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने से वाहन गुजर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही. राजस्व विभाग नाममात्र की कार्रवाई कर रहा है. चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि जिले की नदियों से बिना नंबर के ट्रकों में रेत की तस्करी हो रही है. ये ट्रक जिला कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक और परिवहन विभाग के कार्यालय के सामने से दौड़ रहे हैं. प्रशासन की आंखों के सामने रेत तस्कर रेत की तस्करी कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे हुए है. चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि प्रशासन द्वारा ऐसे बिना नंबर के रेत ट्रकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. भंडारा जिले की वैनगंगा, चुलबंद और बावनथड़ी नदियों की रेत की गुणवत्ता बहुत अच्छी है. पूरे राज्य से इस रेत की मांग है. नागपुर से मुंबई तक इन नदियों में रेत पहुंचाई जाती है. इस बढ़ती मांग को 'कैश' करने के लिए रेत तस्कर घुस आए हैं. इस रेत तस्करी से हर साल करोड़ों की लूट हो रही है.

**लेकिन, पुलिस और राजस्व विभाग रेत तस्करी करने वाले वाहनों के खिलाफ नाममात्र की कार्रवाई करता है. अब तो बिना सीरियल नंबर वाले भारी वाहनों का इस्तेमाल रेत तस्करी के लिए किया जा रहा है. नंबर होने पर भी उसे काला रंग कर मिटा दिया जाता है. कई बार डिक्की भी तोड़ दी जाती है. रेत तस्कर यह तरीका ढूंढते हैं ताकि वाहन का नंबर न दिखे या उनके खिलाफ कार्रवाई न हो. ऐसे वाहन रात में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आराम से दौड़ते हैं. क्षमता से अधिक रेत भरकर ये वाहन जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और क्षेत्रीय परिवहन विभाग के दफ्तरों के सामने से गुजरते हैं. एक तरफ इस मौके पर सवाल उठ रहा है कि जब परिवहन विभाग वाहन जांच के नाम पर आम लोगों को लूट रहा है तो ये भारी वाहन क्यों नहीं दिखाई देते. रेत बेचने के लिए सरकारी डिपो पर घाट उपलब्ध कराए गए हैं.**

# मृग नक्षत्र में खेतों में कपास की होगी बुआई

राष्ट्रबाण



**अमरावती.** इस वर्ष मृग नक्षत्र के शुभ अवसर पर कपास की धूल की बुआई शुरू हो गई है. अमरावती जिले के कुछ गांवों में रोहिणी नक्षत्र में बुआई-पूर्व जुताई करके धूल की बुआई शुरू करने वाले किसानों की तस्वीर खेतों के किनारों पर दिखाई दे रही है.कुछ किसान आधुनिक तकनीक का उपयोग करके फसल उगा रहे हैं तो कुछ पारंपरिक तरीके से. कपास की खेती शुरू होते ही खेतों के किनारे युवा और वृद्धों से भरे नजर आते हैं. हर साल, किसान भरपूर फसल का सपना लेकर खरीफ सीजन की फसलों की बुआई शुरू करते हैं. इस साल रोहिणी नक्षत्र में जोरदार बारिश हुई.

परिणामस्वरूप, कृषि खेती का काम कुछ समय के लिए विलंबित हो गया. हालांकि, जून का महीना शुरू होते ही तेज बारिश ने जोर पकड़ लिया. इससे कृषि खेती ने गति पकड़ ली और बारिश ने किसानों के लिए बुवाई-पूर्व जुताई का काम करना बहुत सुविधा-जनक बना दिया. बारिश के कारण खेतों में उगे खरपतवारों का निपटान करना आसान हो गया है. इससे किसानों के लिए खरपतवार प्रबंधन की लागत कम होने की बात कही जा रही है.

## बच्चू कडू की तबीयत खराब हो गई है, अगर उन्हें कुछ हुआ तो

# हम हुक्मरानों को बता देंगे

## गुरुकुंज मोजारी से रोहित पवार ने दी चेतावनी

राष्ट्रबाण

**अमरावती.** हमारी मांग है कि किसानों का कर्ज माफ हो. बच्चू कडू पिछले पांच दिनों से भूख हड़ताल पर हैं. लेकिन सरकार ने अभी तक हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया है. चुनाव के दौरान महायुति ने कर्ज माफी का वादा किया था. हमारा सवाल है कि इसे पूरा क्यों नहीं किया जा रहा है. बच्चू कडू की तबीयत खराब हो गई है. अगर उनकी तबीयत को कुछ हुआ तो हम सत्ताधारी एक भी सांसद या विधायक को सड़कों पर नहीं घूमने देंगे, ऐसी चेतावनी एनसीपी (शरद चंद्र पवार) के नेता विधायक रोहित पवार ने गुरुकुंज मोजारी में बोलते हुए दी.



**रोहित पवार ने कहा, सोयाबीन किसानों को इस साल भारी नुकसान उठाना पड़ा है. हमने विधानसभा में मांग की थी कि उन्हें राहत देने के लिए भावांतर योजना लागू की जानी चाहिए, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया. उनके पास विपक्षी नेताओं को अपनी पार्टी में लाने के लिए भावांतर योजना है, लेकिन किसानों के लिए कोई भावांतर नहीं है. सोयाबीन किसानों को 4,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? सरकार इसका जवाब नहीं दे रही है. इसी तरह कपास और तुअर की फसल हो गई है. कपास किसानों को बहुत कम कीमतों पर कपास बेचना पड़ा. तुअर का कोई भाव नहीं है. ऐसी स्थिति में सवाल उठ खड़ा हुआ है कि किसान कैसे गुजारा करें. जब किसान नुकसान उठा रहे हैं, तो सरकार से मदद की उम्मीद की जाती है. लेकिन कोई लेना नहीं चाहता.**

रोहित पवार ने मोजारी में भूख हड़ताल स्थल पर बच्चू कडू से मुलाकात की. इस अवसर पर उन्होंने सरकार की कड़ी आलोचना की. इस अवसर पर सांसद अमर काले भी मौजूद थे. रोहित पवार ने कहा, इस सरकार के पास मंत्रियों के विदेश दौरों के लिए पैसे हैं. लैपटॉप बांटने के लिए फंड है. सड़क बनाते समय मलीदा खाने के लिए पैसे हैं, लेकिन इस सरकार के पास किसानों के लिए फंड नहीं है, यह पचने लायक नहीं है. महायुति सरकार इस भ्रम में है कि महाराष्ट्र के लोगों का स्वाभिमान खरीदा जा सकता है. लेकिन, अब हमें इस धोखेबाज सरकार के धोखे का शिकार नहीं होना चाहिए. अब हमें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना होगा. किसान अपने खेतों में खून बहा रहे हैं. हम किसी के नौकर नहीं हैं. सरकार को अब हमारे सामने झुकना ही होगा.

## फास्ट ट्रैक

### 14 साल बाद अकोला पहुंचे उप-मुख्यमंत्री पवार

**अकोला.** उपमुख्यमंत्री अजित पवार करीब 14 साल बाद गुरुवार को अकोला दौरे पर पहुंचे. पवार के अकोला पहुंचने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान विधायक अमोल मिटकरी, भाजपा विधायक रणधीर सावरकर सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

### आरोपों की जाँच कर सरकार बर्खास्त करें

### नाना पटोले का राष्ट्रपति को पत्र

**भंडारा.** महाराष्ट्र चुनाव के परिणामों को लेकर कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है. राहुल गांधी के लेख के बाद कांग्रेस नेता आयोग पर हमलावर है. इसी बीच महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक नाना पटोले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा लिख मामले की जाँच करने और मुजूदा सरकार को बर्खास्त कर दोबारा चुनाव कराने की मांग की है. हाल ही में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर गंभीर और तथ्यात्मक सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा है कि राज्य के 82 विधानसभा क्षेत्रों में 12,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर प्रक्रियागत अनियमि-तताएं हुई हैं, जिससे करोड़ों वोटों की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं.

## 236 दिन चलेगा स्कूल का काम, 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा सत्र

# 23 जून को बजेगी स्कूल की पहली घंटी!

राष्ट्रबाण



**सत्र शुरू होने से पहले शिक्षकों के अधिकार क्षेत्र में आने वाली छुट्टियों का निर्धारण करना होगा और इसकी जानकारी संबंधित शिक्षण अधिकारी और गट शिक्षण अधिकारी को देनी होगी. उर्दू माध्यम स्कूलों के मामले में संबंधित स्कूल प्राचार्यों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली छुट्टियों और धार्मिक त्योहारों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दिनों की जानकारी देनी होगी.**

**अमरावती.** इस साल विदर्भ में पहली स्कूल की घंटी 23 जून को बजेगी. नए शैक्षणिक सत्र में कुल 236 दिन स्कूल का काम चलेगा. वह सत्र 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा. 1 मई को ध्वजारोहण के बाद स्कूलों में छुट्टी रहेगी. हर साल की तरह इस साल भी जिला परिषद माध्यमिक शिक्षा अधिकारी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छुट्टियों की योजना बनाई है. इस योजना में पूरे साल की योजना बनाई गई है. स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार इस साल 23 जून से स्कूल शुरू होंगे. 23 से 25 तक सुबह के सत्र में स्कूल लगाने के आदेश प्राप्त हुए हैं. उसके बाद 26 जून से नियमित दोपहर का सत्र शुरू होगा. माध्यमिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रिया देशमुख द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार, अमरावती जिले में पहला सत्र 23 जून 2025 से 16 अक्टूबर 2025 तक होगा.

पहले सत्र में कुल 95 कार्य दिवस होंगे. 17 अक्टूबर 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक कुल नौ दिन दिवाली की छुट्टियां होंगी. दूसरा सत्र 31 अक्टूबर 2025 से शुरू होगा और 30 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा. हालांकि, दूसरे सत्र में 145 कार्य दिवस होंगे. शैक्षणिक वर्ष 2025-26 का अंतिम कार्य दिवस 30 अप्रैल 2026 होगा. इस हिसाब से स्कूल के कुल कार्य दिवस 236 दिन होंगे. जिन स्कूलों ने गर्मी या दिवाली की छुट्टियों को कम करके गणेशोत्सव या क्रिसमस जैसे त्योहारों के लिए समायोजित किया है, ऐसी छुट्टियां शिक्षण अधिकारी, जिला परिषद, अमरावती की अनुमति से घोषित की जाएंगी.

## बच्चू कडु के समर्थन में प्रहार कार्यकर्ताओं ने अर्द्धसमाधि लेकर किया आंदोलन

### सरकार पर लगाए कई आरोप

राष्ट्रबाण



### जल्द नहीं लिया फैसला तो आंदोलन होगा उग्र

**बच्चू कडू का अन्न बहिष्कार आंदोलन पांच दिनों से चल रहा है और सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है. उनके समर्थकों ने चेतवानी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही कोई फैसला नहीं लिया गया तो विरोध और भी उग्र रूप ले लेगा.**

**अमरावती.** किसानों की कर्जमाफी की मांग को लेकर प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता बच्चू कडू द्वारा आहूत अन्न बहिष्कार आंदोलन का आज पांचवा दिन है. एक तरफ जहां कडु को समर्थन देने के लिए नेताओं का पहुंचना जारी है, वहीं दूसरी तरफ अमरावती जिले में जगह-जगह प्रहार कार्यकर्ता और किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. अमरावती जिले में एक टोल प्लाजा के पास टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया गया. इसके कारण कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह से बंद हो गया. पुलिस सुरक्षा में विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा. यही नहीं प्रहार के कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से खुद को जमीन में गाड़ दिया. इस दौरान उन्होंने सरकार की नीतियों का विरोध किया और चेतावनी दी कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वे विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे.

## माँ-बेटी की मौके पर मौत; निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग बना जानलेवा

# अज्ञात ट्रक ने दोपहिया को मारी टक्कर

राष्ट्रबाण



**चंद्रपुर.** बल्लारपुर और राजुरा के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात ट्रक ने उनके दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे राजुरा की एक युवती और उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई. राष्ट्रीय राजमार्ग के काम के खिलाफ क्षेत्र के नागरिकों में भी काफी गुस्सा है. ज्योति बंडू रागीत (42) और उनकी बेटी सेजल बंडू रागीत, जो राजुरा के पेठ वार्ड की रहने वाली हैं. अपने दोपहिया एमएच 34 बीएन 5538 वाहन से राजुरा से बल्लारपुर जा रही थीं. वर्धा नदी पर बने पुल को पार करने के बाद जलाराम बप्पा मंदिर के पास एक ट्रक ने उनके दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी. इस हादसे में माँ बेटी की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. बामणी-राजुरा से आदिलाबाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग को चौड़ा करने का काम शुरू है. सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के लिए मिट्टी के टीले बिछाए गए हैं. कोई ठोस योजना न होने के कारण इन टीलों की मिट्टी सड़क पर आ रही है. बारिश के दौरान यह खिसक जाती है और बारिश न होने पर धूल का बड़ा गुबार बन जाता है. हाल ही में हुई बारिश के दौरान सड़क पर कीचड़ हो गया, जिससे सड़क पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है.

# अजित के काफिले में शामिल एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

राष्ट्रबाण

## दुर्घटना में कोई हताहत नहीं



**अकोला.** उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार आज अकोला और खामगांव के दौरे पर हैं. इस दौरे के दौरान अकोला में एक हादसा हुआ जब अजित पवार के काफिले में शामिल एक वाहन ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी. दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे. सौभाग्य से इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. खामगांव में राकांपा का एक समारोह और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इससे पहले अजित पवार ने अकोला में अकोला और वाशिम दोनों जिलों का जायजा लिया. आज सुबह अजित पवार अकोला के शिवनी हवाई अड्डे पर पहुंचे. इस अवसर पर ए. रणधीर सावरकर, ए. अमोल मिटकरी, ए. संजय खोडके, ए. वसंत खंडेलवाल, ए. किरण सरनाईक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रमोद गायकवाड़, पुलिस अधीक्षक अर्जित चांडक और अन्य ने उनका स्वागत किया. जब काफिला हवाई अड्डे से अकोला जिला कलेक्ट्रेट की ओर आ रहा था, तब एक एंबुलेंस ने काफिले में शामिल एक कार को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी की जान या चोट नहीं आई. दुर्घटना होने पर वहां अफरा-तफरी मच गई. काफिले में शामिल पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस के चालक को हिरासत में ले लिया. एंबुलेंस को भी पुलिस मुख्यालय में रखा गया है. दिलचस्प बात यह है कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां से चंद कदम की दूरी पर पूर्व विधायक तुकाराम बिडकर का एक्सीडेंट हुआ था.

### पवार ने की राकांपा की संगठनात्मक समीक्षा

**उपमुख्यमंत्री अजित पवार आज पश्चिमी विदर्भ के अकोला और खामगांव के दौरे पर हैं. खामगांव में शाम को खामगांव के पूर्व विधायक दिलीप कुमार सानंद समेत हजारों कार्यकर्ताओं का पार्टी प्रवेश समारोह और राकांपा की रैली का आयोजन किया गया है. अजित पवार इस सभा के जरिए पश्चिमी विदर्भ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं. उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अकोला में पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा भी की और पदाधिकारियों को काम पर लगने के निर्देश दिए.**

## अनियमितता आलीशान कार में आई एक लाभार्थी महिला बाक्स का लाभ ले गई

# श्रमिकों का कल्याण या भ्रष्टाचार की खान?

राष्ट्रबाण



**पंजीकृत श्रमिक मांग कर रहे हैं कि इस योजना के लाभार्थियों की गहन जांच की जाए, फर्जी पंजीकरण हटाए जाएं और वास्तविक श्रमिकों को न्याय मिले. 'हमारी आंखों के सामने एक महिला एक शानदार कार में आई और बॉक्स का लाभ ले गई. लेकिन मैं निराशा में देखती रही. यह योजना वास्तविक श्रमिकों के लिए है, लेकिन फर्जी पंजीकरण जरूरतमंदों के अधिकारों को छीन लेता है. जिस तरह से फर्जी प्यारी बहनों को कम किया गया, उसी तरह फर्जी लाभार्थियों को भी इस योजना से हटाया जाना चाहिए. इसके लिए सरकार को एक सर्वेक्षण करना चाहिए, 'पूर्व नगरसेवक सुषमा राउत ने मांग की. इस योजना में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं है. लोगों को बॉक्स और डिनर सेट पाने के लिए पैसे मांगने वाले कॉल आ रहे हैं. हमें ऐसी कई शिकायतें मिल रही हैं. इस प्रक्रिया के पीछे एक बड़ी चेन काम कर रही है. आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई.**

**यवतमाल.** श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा सेफ्टी बॉक्स और डिनर सेट वितरण में बड़े पैमाने पर अनिय-मितता की शिकायतें आ रही हैं. इस प्रक्रिया में चल रही अव्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से जिला श्रम विभाग की भूमिका पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है. मजदूरों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा क्रियान्वित की गई यह योजना शुरू से ही अनियमितताओं से भरी पड़ी है. यहां लोहारा एमआईडीसी क्षेत्र में चल रहे किट वितरण कार्यक्रम में फर्जी लाभार्थी और दलाल खुलेआम काम कर रहे हैं, यह साफ नजर आ रहा है. इस योजना के तहत वास्तविक लाभार्थियों के नाम सूची में तो हैं, लेकिन उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है. जिनका नाम सूची में नहीं है, उनसे दलाल पहले ही संपर्क कर रहे हैं और बॉक्स और डिनर सेट दिलाने के बदले 800 से 900 रुपये वसूल रहे हैं. आरोप है कि ये दलाल संबंधित क्षेत्रों में साइबर चालकों के जरिए लाभार्थियों की जानकारी हासिल कर रहे हैं. मेरा नाम सूची में नहीं था और मुझे संबंधित एजेंसी से कोई कॉल भी नहीं आया, लेकिन मुझे एक गुमनाम कॉल आया और कहा गया कि डिनर सेट के लिए 500 रुपये और एक बॉक्स के लिए 400 रुपये का भुगतान करें. उन्होंने कहा था कि अगर मैं भुगतान करता हूं, तो मुझे सामान तुरंत मिल जाएगा, 'गेदम नगर की एक महिला श्रमिक ने कहा. प्रधानमंत्री मोदी का 'नहीं खाऊंगा, नहीं खाने दूंगा' का नारा इस योजना के संदर्भ में खोखला लगता है, ऐसा पूर्व पार्षद पिंटू बांगर ने कहा. वितरण की कतार में ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्होंने कभी निर्माण श्रमिक के रूप में काम नहीं किया. इसलिए आम लोगों में चर्चा है कि पैसे के बदले कोई भी योजना का लाभ उठा सकता है. इसके चलते कई महिलाएं इन वस्तुओं को पाने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही हैं. हालांकि प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वह व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखे और वास्तविक लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंचे, लेकिन श्रमिकों में यह भावना प्रबल है कि योजना दलालों और फर्जी लाभार्थियों के हाथों में पड़ गई है. अगर सरकार दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई नहीं करती है तो यह योजना जरूरतमंदों के बजाय दलालों की मंडी में ही फंस कर रह जाएगी.

# जिले में हुई जमकर बारिश

## प्याज, ज्वार, तिल, नींबू, आम की फसलों को नुकसान

राष्ट्रबाण



**अकोला.** बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अकोला शहर, बालापुर, पातुर, बार्शीटाकली तहसील में भारी बारिश के साथ अचानक आए तूफान ने खेतों में प्याज और रबी ज्वार, तिल, नींबू, आम की फसलों को नुकसान पहुंचाया. बालापुर तहसील में एक घंटे तक भारी बारिश हुई. नदी-नाले उफान पर आ गए. बालापुर में सड़कों पर पानी जमा हो गया. वाडेगांव में भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा. भंडारित प्याज भीग गया. पातुर तालुका में गोलेगांव शिवार में तूफान में बिजली गिरने से एक गाय की मौत हो गई, चोंडी में एक बैल की मौत हो गई और शिरला में तूफान के कारण गौशाला की छत गिरने से एक भैंस की मौत हो गई. बालापुर शहर और तहसील में दोपहर करीब साढ़े तीन से साढ़े चार बजे भारी बारिश हुई. इस बारिश से बालापुर में सड़कों पर पानी भर गया. बालापुर से होकर बहने वाली नदी के पुल के ऊपर से पानी बह रहा है. बालापुर तालुका के खेतों में पानी जमा हो गया है. खेतों में लगी फसलें खराब हो गई हैं. हालांकि इस बारिश से कुछ नुकसान हुआ है, लेकिन बालापुर और पातुर तालुका के किसान बारिश से खुश हैं. ओलावृष्टि के साथ आंधी-तूफान वाडेगांव में बुधवार दोपहर करीब 4:00 बजे अचानक आंधी-तूफान के साथ बारिश और हल्की ओले गिरे, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है क्योंकि फसलें और संग्रहीत प्याज भीग गए हैं. रबी सीजन की प्याज, पालक, ज्वार, तिल, नींबू, आम आदि फसलों को नुकसान पहुंचा है. राजेंद्र घाटोल का दस एकड़ का प्याज खेत में बने गोदाम में रखा हुआ था. हवा के कारण गोदाम पर लगे पत्ते उड़ गए और प्याज पानी से भीग गए.

राष्ट्रबाण
# नागपुर VISION
।। धर्मो रक्षति रक्षितः।।
तापमानः नागपुर, अधिकतम 39.8°C न्यूनतम 28.2°C
नागपुर, शुक्रवार, 13 जून 2025

# मोदी सरकार ने देश को नई दिशा दी

## 11 वर्षों की उपलब्धियों पर बोले गडकरी



राष्ट्रबाण

**नागपुर.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज नागपुर के प्रतिष्ठित सेंटर प्वाइंट होटल में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बीते 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को रेखांकित किया और देश के भविष्य के लिए तय की गई योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी. गडकरी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को भ्रष्टाचार, कुशासन और धीमी विकास गति से बाहर निकालकर एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर किया है. उन्होंने सड़क, परिवहन, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, डिजिटल इंडिया, वोकल फॉर लोकल और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से देश को नई दिशा देने की बात कही. 96 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बुनियादी ढांचे के विकास कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक 7 लाख किमी से अधिक ग्रामीण सड़कें बनीं, स्वच्छ भारत मिशन से 11 करोड़ से अधिक शौचालय निर्माण और खुले में शौच से मुक्ति, जल जीवन मिशन से 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया,कोरोना काल में विश्व की सबसे बड़ी वैक्सीनेशन ड्राइव और मुफ्त राशन योजना, गडकरी ने विशेष रूप से नागपुर और विदर्भ क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, "विदर्भ में एक्सप्रेस-वे, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, और मेडिकल हब जैसे प्रोजेक्ट्स सिर्फ सपना नहीं, अब ज़मीनी हकीकत बन चुके हैं.

### भविष्य की योजनाएं

- केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के संभावित रोडमैप को साझा करते हुए बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन और जैविक ईंधन पर आधारित भारत को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना
- मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना शामिल है.
- डिजिटल क्रांति का विस्तार, गांव-गांव तक 5G नेटवर्क
- युवाओं के लिए कौशल विकास, और 100 नए स्टार्टअप हब का निर्माण
- मूल्य आधारित कृषि और ड्रोन आधारित खेती को बढ़ावा

# हुडकेश्वर में 2 बारों में सेंधमारी

## अज्ञात चोरों ने उड़ाई 2.31 लाख की नकदी

राष्ट्रबाण

**नागपुर.** नागपुर के हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में एक ही रात में दो बारों के शटर टेढ़ा कर नकदी चोरी करने की घटना सामने आई है. इस चोरी में अज्ञात चोरों ने बार में रखी नकदी पर हाथ साफ किया है. जांच के दौरान दो आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी दिखाई दिए हैं जिसके आधार पर ही पुलिस उनकी तलाश कर रही है . प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयचंद जगन्नाथ गायधने का हुडकेश्वर् में प्राइड बार अँड रेस्टॉरंट नाम से बार है. 10 जून को रात करीब फरियादी रोज की तरह अपना बार बंद कर घर चले गए थे, तभी अज्ञात चोरों ने बार के सामने के शटर को टेढ़ा कर अंदर प्रवेश किया. और बड़ी चालाकी से काउंटर में रखे गए गल्ले से 1,50,000 नकद चुरा लिए. इसके बाद, चोर पास ही स्थित चाणक्य बार अँड रेस्टॉरंट की ओर बढे और वहां से भी करीब 81 हजार की नकदी पर हाथ साफ किया. इन दोनों वारदातों में चोरों ने दोनों बारों से 2.31 लाख की नकद चोरी कर फरार हुए हैं. इस घटना की शिकायत मिलने के बाद जब पुलिस ने जांच की तब 2 अज्ञात चोर चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए जिसके आधार पर ही पुलिस उनकी तलाश कर रही है.

## मनीष कामदार परिवार भी हादसे में हुआ हताहत

# बेटी, समधन, नाती की मौत!



राष्ट्रबाण

**नागपुर.** गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा हादसा हुआ है, जहाँ अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का प्लेन क्रैश हो गया. विमान जैसे ही टेकऑफ किया वैसे ही वह हादसे का शिकार हो गया. विमान में पायलट, क्र मेंबर सहित 243 लोग सवार थे. जिसमें 100 लोगों की डेड बॉडी मिल चुकी है. मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में नागपुर का एक परिवार भी हताहत हुआ है. जानकारी के अनुसार, हादसे में शहर के व्यापारी मनीष कामदार की बेटी, समधन और नाती की मौत होने की आशंका है. घटना की जानकारी मिलते ही कामदार परिवार सड़क मार्ग से अहमदाबाद के लिए निकल गया है. मृतकों की पहचान यशा कामदार, रुद्र मोढ़ा और रक्षा मोढ़ा के रुप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, यशा कामदार की शादी चार साल पहले अहमदाबाद के कृष्ण मोढ़ा से हुई थी. परिवार मूलतः अहमदाबाद का था लेकिन वह लंदन में सेटल थे. शादी के बाद यशा भी लंदन चली गई. मिली जानकारी के अनुसार, कुछ साल पहले यशा का परिवार वापस लंदन से अहमदाबाद लौट आया था. पिछले साल यशा के ससुर की कैंसर से मौत हो गई थी. 20 जून को लंदन में यशा के ससुर की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था उसी में शामिल होने के यशा अपने बेटे रुद्र और सास रक्षा के साथ लंदन जा रही थी.

### अहमदाबाद के लिए निकला परिवार

एयर इंडिया का विमान करीब डेढ बजे हादसे का शिकार हुआ. वहीं दो बजे कामदार परिवार को हादसे की जानकारी मिली. घटना की पुष्टि होते ही परिवार में हड़कंप मच गया. परिवार तुरंत सड़क मार्ग से अहमदाबाद के लिए रवाना हो गया है.

## फास्ट ट्रैक

### 2 लाख लोगों को मुफ्त इलाज

**नागपुर.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में नागपुर शहर के उपेक्षित क्षेत्रों के नागरिकों के लिए राहत स्वास्थ्य सेवा पहल शुरू की गई है. इसके लिए सनोफी इंडिया लिमिटेड, नागपुर नगर निगम और पिरामल स्वास्थ्य प्रबंधन एवं अनुसंधान संस्थान (पीएसएमआरआई) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के तहत 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम-एमयू) चालू की गई हैं. यह पहल सनोफी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है. इसके जरिए नागपुर में 30 वर्ष से अधिक आयु के करीब दो लाख नागरिकों को मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा मिलेगी. इन इकाइयों का मुख्य उद्देश्य मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मौखिक कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों का समय पर निदान करना और रोगियों को आवश्यक उपचार या आगे की अस्पताल देखभाल के लिए रेफर करना है. ये मोबाइल यूनिट आजाद कॉलोनी, बड़ा ताज, बीडी पेठ, बिनकी, छोटा जाट, धनतेश्वरी नगर, धरमपेठ, डॉ. अंबेडकर नगर, एकात्मता नगर, गिट्टीखदान, गोपाल नगर, जयताला, जयंती नगर, महात्मा फुले चौक, नंदनवन, पाचपावली आदि विभिन्न क्षेत्रों के मार्गों पर संचालित होकर शहरी गरीबों और समाज के वंचित वर्गों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं. इसके साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, जीवनशैली में सुधार और व्यसन परामर्श सेवाओं को भी इस पहल में शामिल किया गया है.

## भड़की भाजपा, बावनकुले बोले- साबित हुआ कांग्रेस का हाथ पाक के साथ

# ऑपरेशन सिंदूर : पटोले ने बताया कंप्यूटर गेम




राष्ट्रबाण

**नागपुर.** ऑपरेशन सिंदूर को एकर कांग्रेस नेताओं की विवादित टिप्पणी लगातार जारी है. महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक नाना पटोले ने ऑपरेशन सिंदूर को कंप्यूटर गेम बता दिया है. नाना के बयान पर भाजपा भड़क गई है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने नाना पर पलटवार किया है. बावनकुले ने कहा कि, नाना ने यह बयान देकर साबित कर दिया है कि, कांग्रेस का हाथ पकिस्तान के साथ है. बुधवार को नाना दिल्ली से नागपुर पहुंचे. जहां डॉ बाबासाहेब आंबेडकर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्होंने पत्रकारों से बात की. इस दौरान उनसे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर को उठाये प्रश्नचिन्हो पर सवाल पूछा गया. जिसपर जवाब देते हुए नाना ने कहा कि, हमारे विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को पहले ही बता दिया की हम कहां हमला करने वाले हैं और फिर कंप्यूटर में जो गेम खेला जाता है उस तरह किया गया. भाजपा अध्यक्ष ने कहा, नाना, ऑपरेशन सिंदूर कोई कंप्यूटर गेम नहीं है, बल्कि यह पाकिस्तान के आतंकियों के अड्डों पर की गई एक साहसी और शौर्यपूर्ण कार्रवाई है. यह देशद्रोहियों की छाती में डर पैदा करने वाली एक जलती हुई शौर्यगाथा है!क्या कांग्रेस को हमारे देश के जवानों का साहस, आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई और भारत माता की रक्षा के लिए किया गया संघर्ष भी एक खेल लगता है?

> नाना पटोले के इस बयान भारतीय जनता पार्टी भड़क गई. महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नाना पर जोरदार पलटवार किया. बावनकुले ने लिखा, कांग्रेस नेता नाना पटोले ने 'ऑपरेशन सिंदूर एक कंप्यूटर गेम है' ऐसा आपत्तिजनक बयान देकर यह फिर साबित कर दिया है कि "कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ". उन्होंने आगे लिखा, भारत के दुश्मनों के दिल में डर पैदा करने वाले इस ऑपरेशन का अपमान करना सिर्फ हमारे वीर जवानों और उनके शौर्य का नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष का अपमान है. नाना पटोले के इस बेहूदा बयान से हमारे शहीदों के परिवारों को कितनी पीड़ा होगी.

# तहसील में चाकूबाजी और रॉड से हमला

## क्राइम ब्रांच ने 2 घंटे में दबोचे 3 आरोपी




राष्ट्रबाण

**नागपुर.** शहर के तहसील थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास का एक मामला सामने आया है, जिसमें 25 वर्षीय युवक पर चाकू और रोड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. हालांकि क्राइम ब्रांच यूनिट 03 की ने तत्परता दिखाते हुए घटना के मात्र 2 घंटे के भीतर ही तीनों आरोपियों को धर दबोचा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी यशवंत नंदनवार कुछ दिन पहले अपने मामा राकेश गणेश हेडाऊ के साथ महादेव मंदिर, पाचपावली गए थे. वहां आरोपी प्रेम उर्फ खंड्या छोटूलाल कुंभारे ने उनकी एक्टिवा गाड़ी रोककर धीमी चलाने को कहा और देख लेने की धमकी दी थी. 9 जून की रात फरियादी नंगापुतला चौक के पास अपने दोस्तों के साथ पानी पूरी खाने गए थे. तभी आरोपी प्रेम कुंभारे के साथ जय दिलीप गांधी और सक्षम क्षीरसागर तांबे मोटरसा-इकिल पर आए. तीनों ने मिलकर फरियादी को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी. आरोपी प्रेम कुंभारे ने यशवंत को जान से मारने की नीयत से चाकू से वार किया, हालांकि यशवंत ने उसे चकमा दे दिया. इसके बाद आरोपी सक्षम क्षीरसागर तांबे ने लोहे की रॉड से यशवंत के सिर और पैर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. हमले के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए. घायल यशवंत नंदनवार को तुरंत मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया.

# अदाणी एयरपोर्ट्स ने वैश्विक फंड जुटाया

## विकास का अगला चरण शुरू



राष्ट्रबाण

**नागपुर.** भारत के सबसे बड़े निजी हवाई अड्डे के ऑपरेटर और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के एक समूह से 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग जुटाई है. यह फंडिंग ईसीबी के माध्यम से की गई है. इस फंडिंग का नेतृत्व फर्स्ट अबू धाबी बैंक, बार्कलेज पीएलसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने किया है. इस फंडिंग का उपयोग 400 मिलियन डॉलर के पुराने कर्ज को चुकाने और अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डों में इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा. साथ ही, रिटेल, फूड एंड बेवरेज, ड्यूटी फ्री और अन्य सेवाओं जैसे गैर-एविएशन बिजनेस को भी मजबूत किया जाएगा. वित्त वर्ष 2024-25 में एएएचएल ने 94 मिलियन यात्रियों को सेवा दी, जबकि इसकी कुल क्षमता 110 मिलियन यात्रियों की है. इसके अलावा कंपनी का लक्ष्य चरणबद्ध विकास के माध्यम से 2040 तक इसे बढ़ाकर 300 मिलियन यात्रियों सालाना तक पहुंचाना है. इस योजना का एक अहम हिस्सा नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जो जल्द ही चालू होगा. पहले चरण में इसकी क्षमता 20 मिलियन यात्रियों की होगी, जिसे बाद में चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 90 मिलियन तक किया जाएगा, जिससे मुंबई क्षेत्र के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी बढ़ावा मिलेगा.अदाणी एयरपोर्ट्स के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, दुनिया की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं ने हम पर जो भरोसा जताया है, वह भारत के एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर की दीर्घकालिक क्षमता और महत्व को दर्शाता है.

# मुख्यमंत्री चषक U-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता नागपुर में

## देशभर के 750 पहलवानों की भिडंत तय




संवाददाता

**नागपुर.** देश की सबसे प्रतिष्ठित बाल कुश्ती प्रतियोगिताओं में से एक मुख्यमंत्री चषक U-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता पहली बार नागपुर में आयोजित की जा रही है. यह ऐतिहासिक आयोजन 20 से 22 जून 2025 के बीच मानकापुर स्थित विभागीय क्रीड़ा संकुल के इनडोर स्टेडियम में संपन्न होगा. प्रतियोगिता का उद्देश्य देश के कोने-कोने से आए बाल पहलवानों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच देना है, जिससे वे भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हो सकें. इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को भारतीय कुश्ती महासंघ की मान्यता प्राप्त है और इसका आयोजन महाराष्ट्र राज्य कुस्तीगीर संघ तथा नागपुर शहर कुस्तीगीर संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. देश के 25 राज्यों से चयनित लगभग 750 अंडर-15 पहलवान, 70 से 75 प्रशिक्षक और 75 टीम मैनेजर इसमें भाग लेंगे. विजेता टीम को 5 से 13 जुलाई के बीच किर्गिस्तान में होने वाली एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा. 20 जून को खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग होगी. 21 जून की शाम को उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुश्ती महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहेंगे.

### मुकाबले इन भार वर्गों में होंगे

- फ्रीस्टाइल (लड़के): 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75, 85 किलोग्राम
- ग्रीको-रोमन (लड़के): 38, 41, 44, 48, 52, 57, 62, 68, 75, 85 किलोग्राम
- बालिका वर्गः 33, 36, 39, 42, 46, 50, 54, 58, 62, 66 किलोग्राम

### नागपुर को मिला ऐतिहासिक अवसर

मुख्यमंत्री चाशक U-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का पहली बार नागपुर में आयोजन होना इस शहर के लिए गौरव की बात है. इससे विदर्भ क्षेत्र के कुश्ती प्रेमियों को नई प्रेरणा मिलेगी और बाल पहलवानों को भविष्य की दिशा तय करने का बड़ा मंच प्राप्त होगा. नागरिकों और खेलप्रेमियों से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक स्पर्धा का हिस्सा बनें, खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं और भारत के भावी पहलवानों को उभरते देखें.

## आरोप सोयाबीन और कपास का भाव नहीं बढ़ रहा : रोहित पवार

# बच्चू कडू के आंदोलन से भारी नुकसान होगा



राष्ट्रबाण

**नागपुर.** अगर सरकार ने विधायक बच्चू कडू के आंदोलन पर ध्यान नहीं दिया तो सरकार को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. लेकिन वोट मिलने के बाद इसे भूल जाना गलत है. तीनों पार्टियों के घोषणापत्र में कर्जमाफी का जिक्र है. 80,000 करोड़ रुपये की सड़कें बनाने के लिए पैसे हैं, ठेकेदार को बड़ा करने के लिए पैसे हैं, लेकिन किसानों के लिए पैसे नहीं हैं. मंत्रियों को विदेश ले जाने के लिए पैसे हैं, आईपैड खरीदने के लिए पैसे हैं. लोगों के मन में सरकार के खिलाफ माहौल है, ऐसी चेतावनी एनसीपी (शरद पवार) विधायक रोहित पवार ने दी. वे आज नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे.

मैं बच्चू कडू के रुख का समर्थन करने आया हूं. कल शरद पवार साहब ने भी उनसे बात की थी. सत्ता में आने से पहले वे सातबारा कोरा करने की बात कह रहे थे. भारी बारिश हुई, मुआवजा नहीं मिला, कोट बदलकर आप किसानों की रेनकोट नहीं बदल सके. पार्टी बदल रही है, लेकिन भावांतर योजना अभी तक नहीं लाई गई. सोयाबीन और कपास का भाव नहीं बढ़ रहा है. किसानों को चार हजार करोड़ का नुकसान हुआ है. भावांतर योजना नहीं लाई जा रही है और वे हमारा मजाक उड़ा रहे हैं. उन्होंने कहा, मैं किसानों के हित में लिए गए फैसले का समर्थन करने आया हूं. अजीत दादा ने कहा, सुनील तटकरे जब भी समय मिलता है सुविधाजनक राजनीति करके बयान देते हैं. महायुति के तीनों दलों के नेताओं के बीच पहला वाक्य कर्जमाफी का था. लेकिन अब इसे भुला दिया गया है. संजय शिरसाट एक भी परियोजना के बारे में बात नहीं कर सकते, ठेकेदार को बड़ा बनाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं. संजय शिरसाट जब बोलते हैं तो सिर्फ इतना कहते हैं कि लड़की वाहिनी योजना को पैसा दिया गया. अगर पैसा ठेकेदार की जेब में नहीं जाता तो गरीबों तक पहुंचता. यह सरकार सिर्फ ठेकेदारों के लिए चल रही है. योजना के अभाव में राज्य संकट में है. लड़की वाहिनी की संख्या आठ लाख कम हो गई है और यह संख्या 22 लाख हो जाएगी. यह महाराष्ट्र के हित में नहीं

### राष्ट्रवादी जयंत पाटिल का इस्तीफा, नया चेहरा

जयंत पाटिल ने यह बयान भावुक होकर दिया है. उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया है.. निर्णय लेने वाले वे खुद हैं, सुप्रिया ही हैं. भविष्य में अगर कोई निर्णय लिया जाए, अगर जयंत पाटिल देश की राजनीति में आते हैं, तो किसी सामान्य परिवार के व्यक्ति का नाम प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लिया जाना चाहिए. अगर वह दस-पंद्रह साल से पार्टी के लिए ईमानदारी से काम कर रहा है और मैंने उसे कोई पद देकर, कोई संगठनात्मक पद लेकर काम किया है.. बड़े-बड़े नेता भी निर्णय लेने के बाद और नीचे तक काम करने के बाद सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा. शरद पवार के समय में संघर्ष के दौरान बड़े-बड़े नेता उनके साथ रहे हैं. अनुभव के मामले में वे सभी बड़े हैं, लेकिन जब लड़ाई की बात आती है. रणनीतिक निर्णय लेने वाला युवा होना चाहिए जो दौड़ सकता हो. और सामान्य परिवार से होना चाहिए. बड़े नेताओं के पास अनुभव होना चाहिए और युवा ऐसा कार्यकर्ता होना चाहिए जो राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को रणनीतिक मार्गदर्शन देने के लिए सड़कों पर उतर सके, राष्ट्रीय स्तर पर दे सके.

# जरूरतमंदों को 'तत्काल' रेलवे टिकट, एजेंट को देना होगा 'आधार'




राष्ट्रबाण

**नागपुर.** आपातकालीन स्थिति में ट्रेन यात्रा के लिए एक दिन पहले टिकट बुक करने के लिए रेलवे ने ₹तत्काल₹ टिकट शुरू किया है. लेकिन जैसे ही सुबह 10 बजे टिकट बिक्री शुरू होती है, कुछ ही मिनटों में सभी टिकट बिक जाते हैं. ऐसा कैसे होता है, यह आम यात्रियों को नहीं पता. यह नियम, जिसमें कहा गया है कि बिना सहायक दस्तावेजों के तत्काल टिकट नहीं मिलेगा, आम यात्रियों के लिए राहत की बात हो सकती है. लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए 'तत्काल' आरक्षण केवल 'आधार' प्रमाणित उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा. यह 1 जुलाई से लागू होगा और 15 जुलाई से आधार-आधारित 'ओटीपी' प्रमाणीकरण भी अनिवार्य होगा. साथ ही, एक बार तत्काल टिकट जारी होने के बाद, उन्हें 30 मिनट की अवधि के लिए आरक्षित नहीं किया जाएगा. रेलवे द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में पता चला है कि तत्काल आरक्षण में भारी व्यवधान है. वातानुकूलित कोचों के लिए तत्काल टिकट आरक्षण सुबह 10 बजे और सामान्य कोचों के लिए सुबह 11 बजे खोला जाता है. हालांकि, ऐसी शिकायतें हैं कि आरक्षण शुरू होने के दूसरे मिनट से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में डाल दिए जाते हैं.

> नतीजतन, सामान्य यात्रियों को तत्काल सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है, इसलिए रेलवे बोर्ड ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. इसके अनुसार, तत्काल टिकट शुरू होने के शुरुआती 30 मिनट में अधिकृत टिकट दलालों को आरक्षण करने की अनुमति नहीं होगी. यानी वातानुकूलित कोचों के लिए सुबह 10.30 बजे तक और सामान्य कोचों के लिए सुबह 10 बजे तक आरक्षण हो सकेगा. उन्हें 11.30 बजे तक अनुमति नहीं दी जाएगी. टिकट आरक्षण अधिकृत रेलवे एजेंट की कम्प्यूटरीकृत पीआरएस विंडो पर उपलब्ध होगा. उसके बाद, सिस्टम उपयोगकर्ता के मोबाइल पर ओटीपी प्रमाणीकरण करेगा. इसके जरिए यात्री टिकट आरक्षित कर सकते हैं.

# कई और खिलाड़ी लेंगे जल्द संन्यास

## दिग्गज के बयान से क्रिकेट में हलचल तेज




नई दिल्ली. पिछले कुछ हफ्तों में कई स्टार खिलाड़ी संन्यास का ऐलान कर चुके हैं. इसमें सबसे नया नाम वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन का है. निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़कर सभी को चौंका दिया था. ऐसे में अब वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और मौजूदा हेड कोच डैरेन सैमी ने निकोलस पूरन के इंटरनेशनल क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने को लेकर गहरी चिंता जताई है. सैमी का मानना है कि यह घटना वेस्टइंडीज क्रिकेट के सामने एक बड़ी चुनौती को उजागर करती है.

पूरन वेस्टइंडीज के टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने कभी भी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला और उनकी आखिरी वनडे पारी दो साल पहले खेली गई थी. उनका ये फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप महज आठ महीने बाद खेला जाना है. उनके इस फैसले के पीछे की से बड़ी वजह फ्रेंचाइजी क्रिकेट को माना जा रहा है. वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट से सबसे ज्यादा कमाई कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं. ऐसे में डैरेन सैमी का मानना है कि आने वाले समय में और खिलाड़ी इसी राह पर चल सकते हैं और कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़ सकते हैं.

### टी20 के दबाव में बढ़ेगा संन्यास का ट्रेंड: सैमी

सैमी ने यह भी अनुमान लगाया कि टी20 क्रिकेट के बढ़ते चलन और फ्रेंचाइजी लीग के आकर्षण के कारण और भी खिलाड़ी जल्दी संन्यास ले सकते हैं. उन्होंने साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और क्विंटन डी कॉक जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने कम उम्र में ये फैसला लिया है. सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि और भी खिलाड़ी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे. आपने देखा कि हर कोई हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डिकॉक, इन खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहा है जो संन्यास ले चुके हैं. यह हमारे नियंत्रण से बाहर है.'

सैमी ने इंग्लैंड दौरे पर वेस्टइंडीज की छठी लगातार हार के बाद पूरन के संन्यास पर कहा, 'मेरी अंतररात्मा की आवाज कह रही थी कि ऐसा कुछ होगा. आदर्श रूप से ऐसी प्रतिभा को मैं टीम में रखना पसंद करूंगा. लेकिन मैं किसी के करियर को नियंत्रित नहीं कर सकता. मैंने उसे शुभकामनाएं दी, उसने टीम को शुभकामनाएं दीं. अब निकोलस पूरन के बिना रणनीति पर आगे बढ़ने की कोशिश की जा रही है. वर्ल्ड कप आने वाला है, मैं इस तथ्य का सम्मान करता हूं कि उसने हमें काफी पहले बताया ताकि हमारे पास उसके बिना योजना बनाने के लिए ज्यादा समय हो.'

# 11 मौतों के बाद बीसीसीआई सख्त

## आईपीएल जीत के जश्न पर आएगा नियंत्रण का फ्रेमवर्क



**नई दिल्ली.**आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी की टीम के नाम रहा था. लेकिन इस ऐतिहासिक जीत के बाद उनका जश्न सवालों के घेरे में रहा. बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हाल ही में हुई एक दुखद भगदड़ की घटना ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को गंभीर कदम उठाने के लिए मजबूर किया है. इस घटना में 11 लोगों की जान चली गई थी और 56 लोग घायल हो गए थे. ऐसे में ऐसी घटना फिर ना घटे इसके लिए बीसीसीआई बड़े फैसले लेने जा रही है. इस हादसे के बाद बीसीसीआई अपनी 28वीं अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में इंडियन प्रीमियर लीग में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करने पर विचार-विमर्श करने जा रहा है. यह बैठक शनिवार को आयोजित होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होगी. बता दें, पिछले बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में उस समय अफरा-तफरी मच गई थी, जब करीब ढाई लाख फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों को देखने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास जमा हो गए थे. इस भीड़ ने भगदड़ का रूप ले लिया, जिससे यह दुखद हादसा हुआ.

बीसीसीआई ने स्वीकार किया है कि इस इवेंट का मैनेजमेंट बेहतर तरीके से किया जा सकता था. अब इस घटना को गंभीरता से लेते हुए बोर्ड ने इसे अपनी आगामी मीटिंग के एजेंडे में शामिल किया है.बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'शनिवार की बैठक में आईपीएल में जीत के जश्न के आयोजन के लिए स्पष्ट और सुरक्षित दिशानिर्देश बनाने पर गहन चर्चा होगी. ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे.' इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य फैंस की सुरक्षा सुनिश्चित करना और इस तरह के आयोजनों में बेहतर भीड़ प्रबंधन करना होगा.

इस मीटिंग में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी क्रिकेट सीरीज के लिए वेन्यू के सेलेक्शन पर भी विचार किया जाएगा. यह सीरीज भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बेहद अहम है.

# भारतीय फुटबॉल की दुर्दशा पर भड़के भूटिया

**नई दिल्ली**.. पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर इस खेल को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में मंगलवार को भारतीय टीम को हांगकांग के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। इससे निराश भूटिया ने कहा, यह देखना बहुत दुखद है। हम एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने को भी संघर्ष कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान और जॉर्डन जैसे छोटे देश फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम एशिया कप के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है भूटिया ने कहा, एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने इस खेल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।




# फिर बाएं हाथ के गेंदबाज का शिकार बन गए लाबुशेन

**नई दिल्ली.**आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की शुरुआत लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में 11 जून से हो गई है. इस अहम मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया. इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत काफी खराब हुई थी. ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन को साउथ अफ्रीका के बेहतरीन तेज गेंदबाज मार्को यासन ने काफी परेशान किया. लाबुशेन के बल्लेबाजी ऑर्डर में बदलाव देखने को मिला और इस मैच में वो ओपनिंग करते हुए नजर आए. हालांकि लाबुशेन इस मैच में बड़ा स्कोर नहीं बना पाए.

मार्नस लाबुशेन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में सिर्फ 17 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने इस मैच में सिर्फ एक ही चौका जड़ा. उनका विकेट मार्को यानसन ने लिया. मार्को यानसन शुरुआत से ही लाबुशेन को परेशान करते हुए नजर है. साउथ अफ्रीका के गेंदबाज ने राउंड द विकेट से गेंद फेंकी. इस गेंद को सलामी बल्लेबाज बिल्कुल भी नहीं समझ पाए और गेंद उनके बल्ले से लगकर विकेटकीपर काईल वेरेने के पास गई, जिन्होंने इस कैच को बेहतरीन तरीके से लपक लिया

मार्नस लाबुशेन को बाएं हाथ के गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में काफी परेशान होते हुए देखा गया है. 2022 से ऑस्ट्रेलिया टीम के बल्लेबाज ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट फॉर्मेट में 271 गेंदों का सामना किया है,

# रबाडा ने तोड़ा एलन डोनाल्ड का रिकॉर्ड




**ब्लोमफोंटेन.** साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में पांच विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व क्रिकेटर एलन डोनाल्ड का एक महारिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। अब वह साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस सूची में शामिल होने पर रबाडा ने कहा कि महान खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल होने पर विशेष गर्व महसूस हो रहा है। अब ये लंबे समय तक बना रहेगा।कगिसो रबाडा ने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ही ऑस्ट्रेलिया के 5 विकेट चटकाए। उनके इस प्रदर्शन के साथ ही उनके नाम 332* टेस्ट विकेट हो गए हैं, जिससे वे एलन डोनाल्ड (330 विकेट) को पीछे छोड़कर साउथ अफ्रीका के सर्वकालिक विकेटों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे केवल डेल स्टेन (439), शॉन पोलक (421) और मखाया नतिनी (390) ही हैं। रबाडा ने इस उपलब्धि को हासिल करने पर कहा कि दिग्गज गेंदबाजों की सूची में शामिल होना विशेष है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं, जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होने पर गर्व महसूस हो रहा है और ये रिकॉर्ड लंबे समय तक बना रहेगा। बता दें कि रबाडा ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के अलावा कैमरून ग्रीन, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क को आउट करके टेस्ट मैचों में अपना 17वां पांच विकेट हॉल हासिल किया।

# अर्जुन देशवाल पर 1.405 करोड़ की बोली



नई दिल्ली. प्रो कबड्डी लीग का 12वां सीजन शुरू होने वाला है। इस सीजन के लिए मुंबई में खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को हुई थी, जिसमें तमिल थलइवस ने उत्तर प्रदेश के अर्जुन देशवाल को 1.405 करोड़ रुपये में खरीदा। देशवाल यूपी पुलिस में डीएसपी होने के साथ एक पेशेवर कबड्डी खिलाड़ी भी हैं। वह पहले जयपुर पिंक पैथर्स और यू मुंबा की ओर से खेल चुके हैं। इस बार के सीजन के लिए तमिल थलइवस ने उन पर दांव लगाकर बड़ा खेला किया है। जानकार बताते हैं कि राइड मशीन के नाम से मशहूर अर्जुन देशवाल मैच को पलटने में माहिर हैं। जब वह जयपुर पिंक पैंथर्स में खेलते थे तो अभिषेक बच्चन तक उनका लोहा मानते थे। अभिषेक रेड मारने की उनकी कला के बहुत कायल हैं।

अर्जुन देशवाल यूपी के मुजफ्फरनगर से आते हैं। उन्होंने 2022 के एशियाई खेलों में देश की राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया था। वह 2023 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में गोल्ड जीत चुके हैं।

अर्जुन देशवाल गेम में अपनी बेहतरीन रेडिंग और सटीक खेल के लिए मशहूर हैं। उन्हें राइड मशीन के नाम से जाना जाता है। पीकेएल सीजन 9 में अर्जुन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे। उनके नाम पर ये 1- 25 वर्षीय अर्जुन ने सीजन 9 में जयपुर पिंक पैंथर्स को अपना दूसरा खिताब जिताने में बड़ी मदद की थी। 2- पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और 227 रेड प्वाइंट हासिल किए। अर्जुन ने पीकेएल में अब तक 114 मैच खेले हैं और 1,174 रेड प्वाइंट बनाए हैं।

2024 के पीकेएल Season 11 में उन्होंने 9.86 रेड प्वांट प्रति मैच के औसत से 230 अंक हासिल किए। अर्जुन देशवाल ने पीकेएल सीजन 11 में जयपुर पिंक पैंथर्स की तरफ से खेलते हुए यूपी योद्धा के खिलाफ 1000 रेड प्वाइंट हासिल किए थे। उसी सीजन में उन्होंने 1100 रेड प्वाइंट्स हासिल किए और इस मुकाम तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।अर्जुन ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब जीता था।उन्होंने सीजन 10 में सबसे ज्यादा संयुक्त रेड पॉइंट का रिकॉर्ड भी बनाया था।

# ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया समेत 13 टीमें क्वालीफाई





नई दिल्ली.पांच बार के चैंपियन ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया की पुरुष फुटबॉल टीमों ने 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अगले साल अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए अब तक 13 टीमें तय हो चुकी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा को मेजबान होने के नाते विश्व कप में सीधी एंट्री मिली है। वहीं, पूर्व चैंपियन उरुग्वे, पराग्वे और कोलंबिया विश्व कप का टिकट पाने से महज एक कदम दूर रह गए हैं। जून, 2026 से शुरू होने वाले विश्व कप में इस बार 48 टीमें खेलेंगी, जबकि पहले मुख्य टूर्नामेंट में सिर्फ 32 टीमें ही खेला करती थीं।

विंसियस जूनियर के गोल से ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर उसका नौ मैचों से चला आ रहा अजेय क्रम तोड़ दिया। ब्राजील ने अपने नए कोच कार्लो एंसेलोटी को जीत का तोहफा दिया। वहीं कोलंबिया ने अर्जेंटीना से 1-1 से ड्रॉ खेला और विश्व कप खेलने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना पहले ही विश्व कप का टिकट कटा चुका है।

सऊदी अरब पर 2-1 की जीत दर्ज करने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने लगातार छठी बार फीफा विश्व कप में जगह पक्की कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए कोनोर मेटकाफे ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में व मिचेल ड्यूक ने 48वें मिनट में गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी।

इस बीच, इक्वाडोर ने पेरू के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद अपने पांचवें विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस बीच बोलीविया के हाथों 0-2 से मिली शिकस्त के बाद चिली क्वालीफाई करने में विफल रहा। इस हार के बाद टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चिली टीम 10 देशों के बीच अंतिम स्थान पर रही।

# टूट गया मोहम्मद शमी का बड़ा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली.** भारतीय स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं. इस बार उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में नहीं चुना गया है. इसी बीच उनके लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मैच डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच खेला जा रहा है. ये मुकाबला लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर हो रहा है. इस मुकाबले के बीच मोहम्मद शमी का एक बड़ा रिकॉर्ड टूट गया है.

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन एक नया इतिहास रच दिया है. उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. यह उपलब्धि उन्होंने लॉर्ड्स मैदान पर हासिल की. स्टार्क ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो अब तक फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे.

मिचेल स्टार्क इस मैच में अभी तक 2 विकेट चटका चुके हैं और अब पांच आईसीसी फाइनल में उनके नाम 11 विकेट हो गए हैं, जो उन्हें इस लिस्ट में सबसे आगे ला खड़ा करता है. इससे पहले मोहम्मद शमी चार फाइनल में 10 विकेट लेकर इस लिस्ट में टॉप पर थे. स्टार्क की यह उपलब्धि उनके बड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता को दर्शाती है. फाइनल के पहले दिन उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में शुरुआती झटके देकर अपनी छाप छोड़ी, जिसमें उन्होंने एडेन मार्कराम को बिना खाता खोले आउट किया और रयान रिकेलटन को 16 रन पर पवेलियन भेजा. इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने दिन का अंत 2/10 के आंकड़ों के साथ किया.

**मिचेल स्टार्क ने करवाई टीम की वापसी**

इस मुकाबले में स्टार्क की गेंदबाजी ने साउथ अफ्रीका को दबाव में डाल दिया, जिसके कारण साउथ अफ्रीका ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 पर 4 विकेट गंवा दिए. जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 212 रन बनाकर ऑलआउट होने के बाद स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजी ने वापसी की राह दिखाई. अफ्रीका को अब दूसरा दिन दवाब में खेलना होगा, जहां स्टार्क की अगली चुनौती टीम को दूसरी बार डब्ल्यूटीसी खिताब दिलाने की होगी.

## आभानेरी ने फाइनल में राजगढ़ को हराकर जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली. सकट क्षेत्र के सुरेर गांव में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बुधवार रात को हो गया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आभानेरी (दौसा) की टीम ने फिरोजपुर (राजगढ़) की टीम को हराकर ट्रॉफी जीत ली।

थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा ने क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन कमेटी एवं प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता रही टीमों के खिलाड़ियों को बधाई पत्र भेजकर हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं आवश्यकता अनुसार सहयोग राशि भी भिजवाई गई।प्रतियोगिता समापन समारोह के मुख्य अतिथि रामअवतार सुरेर रहे। ग्रामीण पी आर सुलानिया ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आभानेरी (दौसा) की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 108 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फिरोजपुर राजगढ़ ने 10 विकेट खोकर 53 रन बनाकर मैच हार गई। दीपक गुर्जर को मैन ऑफ द मैच चुना गया।प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 41 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए की नगद राशि एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में नया गेंदबाज शामिल




**नई दिल्ली.** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की ओर से गुरुवार को दी गई।

पिछले महीने श्रीलंका में महिला ट्राई सीरीज के दौरान अपना वनडे डेब्यू करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर शुची उपाध्याय को बाएं पिंडली में चोट लग गई है। बीसीसीआई ने कहा, महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया में शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। बयान में कहा गया कि शुचि को बायें पैर में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर कर दिया गया है। इस चोट का पता बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरे से पूर्व शिविर के दौरान चला।भारतीय महिला क्रिकेट टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में पहले T20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच 1 जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच 4 जुलाई को ओवल में, चौथा मैच 9 जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा। तीन महिला वनडे मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को क्रमशः साउथम्पटन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

भारतीय महिला T20 टीम– हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे, राधा यादव।